आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 207- ● जबलपुर ● रविवार, 29 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष -7 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## भारत की बेटी ने रचा इतिहास

## खेल दिवस पर खुशखबरः टोक्यो पैरालंपिक में भाविना पटेल की चांदी

**टोक्यो।** पैरालंपिक में भाविनाबेन पटेल ने इतिहास रच दिया। वह टेबल टेनिस की महिला सिंगल्स स्पर्धा का रजत पदक जीतने में सफल रहीं। उन्होंने खेल दिवस के मौके पर यह पदक जीतकर देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। पैरालंपिक खेलों में टेबल टेनिस में सिल्वर मेडल जीतने वाली भाविना भारत की पहली पैरा एथलीट हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे देश को नाज है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाविना से बात की और कहा कि उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक्स में इतिहास रच दिया है। हालांकि भाविना फाइनल में स्वर्ण पदक जीते से चूक गईं। खिताबी मुकाबले में उन्हें चीन की झोउ यिंग ने 3-0 से मात दी। चीनी खिलाड़ी ने यह मैच 11-7, 11-5, 11-6 के अंतर से जीता। झोउ यिंग शुरुआत से ही भारतीय एथलीट पर बढ़त बनाने में सफल रहीं। इसके बाद भाविना ने कई बार वापसी करने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हुईं। फाइनल हारने के बावजूद भारतीय टेबिल टेनिस खिलाड़ी भाविना ने सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। भाविना पटेल के सिल्वर मेडल जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, उल्लेखनीय, भाविना पटेल ने रचा इतिहास, उन्होंने देश के लिए सिल्वर मेडल जीता इसके लिए बधाई, उनकी जीवन यात्रा प्रेरित करने वाली है और अधिक युवाओं को खेलों की प्रति आकर्षित करेगी। फाइनल मुकाबले में चीनी खिलाड़ी ने शुरुआत से ही जबरदस्त खेल दिखाया। उन्होंने पहला गेम 11-7 के अंतर से जीता। जबकि दूसरे में उम्मीद थी की भाविना वापसी करेंगी लेकिन ऐसा हो न सका। दूसरा गेम झोउ यिंग 11-5 से जीतने में सफल रहीं। इसके बाद तीसरे गेम में भाविना को हर हाल में जीत दर्ज करनी थी लेकिन वह असफल रहीं। तीसरा गेम चीनी खिलाड़ी ने 11-6 के अंतर से जीत स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। जबकि, भाविना को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह मैच 19 मिनट तक चला।

## मन की बात



## खेलें भी और खिलें भी

**नईदिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश-विदेश की जनता से अपने विचारों को साझा किया। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 80वां एपिसोड था। इस दौरान सबसे पहले उन्होंने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को याद किया और उन्होंने कहा कि 41 साल बाद हॉकी में जान आई है। उन्होंने खेल के लिए अब खेलें भी और खिलें भी जैसा नया नारा भी दिया। इस दौरान उन्होंने जन्माष्टमी और विश्वकर्मा पूजा जैसे पर्व के महत्व को भी समझाया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में जितने राज्य वाटर सिटी प्लस होंगे उतनी ही स्वच्छता बढ़ेगी और हमारी नदियां भी साफ होंगी और पानी बचाने की मानवीय जिम्मेदारी भी निभाने होंगे। पीएम ने कहा कि हमेशा की तरह, जब भी आपलोग कुछ नया करें, नया सोचें, तो उसमें मुझे भी जरूर शामिल करिएगा। मुझे आपके पत्र और मैसेज का इंतजार रहेगा।पीएम मोदी ने कहा कि देश में 62 करोड़ से ज्यादा कोरोना वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है।

## क्विक अपडेट



### ड्रग्स केस में अभिनेता अरमान कोहली गिरफ्तार

**मुंबई।** अभिनेता और बिग बॉस के पूर्व कंटेस्टेंट अरमान कोहली के घर हाल ही में एनसीबी का छापा पड़ा था। अब पूछताछ के बाद अरमान कोहली को गिरफ्तार कर लिया गया है। आज उन्हें सीटी कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा। बता दें कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारियों ने शनिवार यानी 28 अगस्त को मुंबई में ड्रग्स से जुड़े एक मामले में अभिनेता के घर पर छापा मारा था। बताया जा रहा है कि अरमान के घर पर हुई छापेमारी के दौरान एनसीबी ने कुछ मात्रा में ड्रग्स भी बरामद किया है।

### रायपुर में आधी रात सड़क हादसा, दो छात्रों की मौत

**रायपुर।** रायपुर के माना एयरपोर्ट पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार दो छात्रों की मौत हो गई है और एक गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के मुताबिक, तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार सड़क पर बैठे एक जानवर से टकराई और उछलकर डिवाइडर में लगे हाईमास्क लाइट के खंभे को तोड़ती हुई पलट गई। हादसे के वक्त कार में तीन युवक सवार थे, जिनमें गौरव सिंह और हर्ष अग्रवाल हादसे के बाद कार में ही फंसे रह गए।, उनकी मौके पर ही मौत हो गई।।

### गुजरात में बजरंग दल ने कामसूत्र किताब में लगाई आग

**अहमदाबाद।** गुजरात में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कामसूत्र नाम की एक किताब को जला दिया। अहमदाबाद में एक किताब दुकान के बाहर कार्यकर्ताओं ने किताब की एक प्रति में आग लगा दी। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि यह किताब हिंदू देवताओं को अश्लील रूप में दिखाकर उनका अपमान करती है। इतना ही नहीं, बजरंग दल के सदस्यों ने दुकान मालिक को धमकी भी दी कि अगर किताब की बिक्री जारी रही तो अगली बार दुकान को भी जला दिया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बजरंग दल के संयोजक जवलित महेता की तरफ से किताब के साथ वीडियो भी बनाया गया।

## हालात चुनौतीपूर्ण, हम बदलेंगे अपनी रणनीति- राजनाथ



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान पर तालिबान का कब्जा हो जाने के बाद वहां के हालात बहुत ही चुनौतीपूर्ण हो गए हैं। इन हालातों ने कई देशों को अपनी रणनीति में बदलाव करने के लिए मजबूर कर दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन में डिफेंस सर्विस स्टाफ कॉलेज में कहा कि वर्तमान हालातों ने हमें मजबूर कर दिया है कि हम अपनी रणनीति में बदलाव करें। अब भारत, अफगानिस्तान पर दोबारा से सोच रहा है और नई रणनीति तैयार कर रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि ऐसी ही चुनौतियों से लड़ने के लिए रक्षा मंत्रालय इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप बनाने पर तेजी से विचार कर रहा है। क्योंकि, युद्ध के समय सबसे महत्वपूर्ण होता है कि आप कितनी जल्दी निर्णय ले रहे हैं। ये बैटल ग्रुप जल्द निर्णय तो लेंगे ही साथ लड़ाकों की यूनिट भी तैयार करेंगे। ये बैटल ग्रुप हमारे दुश्मनों का खात्मा करने में सक्षम होंगे।

## 20 भारतीय फंसे काबुल एयर पोर्ट में हमले की आशंका के बीच

### अमेरिका ने दी चेतावनी अपने लोगों को बाहर निकाला

**काबुल।** काबुल एयरपोर्ट पर आतंकी हमला का खतरा अभी भी मंडरा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस संबंध में बड़ा अलर्ट जारी किया है। बाइडेन ने कहा है कि अगले कुछ घंटों में काबुल एयरपोर्ट पर एक बार फिर आतंकी हमला हो सकता है। इस बीच, भारत के लिहाज से चिंताजनक बात यह है कि 20 भारतीय अब भी काबुल में फंसे हैं। इन लोगों को काबुल एयरपोर्ट तक लाने में परेशानी हो रही है। अमेरिका का रेस्क्यु ऑपरेशन भी अंतिम चरण में है। ब्रिटेन अपने सैनिकों की आखिरी टुकड़ी को लेकर काबुल से रवाना हो चुका है। वहीं काबुल एयरपोर्ट पर उड़ानों को रोक दिया गया है। भारतीय वायुसेना का एक विमान अभी दुशांबे में खड़ा है। बाइडेन का यह बयान तब आया है जब अमेरिका ने बुधवार रात हुए आतंकी हमले का बदला ड्रोन से अटैक से लिया। उस आत्मघाती हमले में कम से कम 169 अफगान नागरिक और 13 अमेरिकी सेवा सदस्य मारे गए थे। जवाबी कार्रवाई में अमेरिकी सेना ने इस्लामाबाद में इस्लामिक स्टेट के खुरासान आतंकी समूह पर हमला किया और काबुल विस्फोट के प्लानर को मार गिराने का दावा किया। बता दें, अमेरिका के बाद काबुल से अपने लोगों को निकालने और काबुल एयरपोर्ट खाली करने के लिए 31 अगस्त तक का समय है। इस बीच, खबर है कि काबुल एयरपोर्ट के एक हिस्से की सुरक्षा तालिबान ने संभाल ली है। विभिन्न देशों का रेस्क्यु ऑपरेशन अंतिम चरण में है। ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को निकालने के लिए आखिरी फ्लाइट भेजी थी, जो काबुल से निकल चुकी है।



## युवक को घसीटने वाले मुख्य आरोपित का मकान गिराया



**नीमच।** पिकअप वाहन से बांधकर आदिवासी युवक कन्हैयालाल भील की हत्या के मुख्य आरोपित महेंद्र गुर्जर के गांव जेतलिया में आरोपित के मकान को पुलिस प्रशासन ने जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि महेंद्र गुर्जर सहित 8 व्यक्तियों ने बांणदा निवासी आदिवासी युवक कान्हा उर्फ कन्हैयालाल भील के साथ मारपीट कर पिकअप वाहन के पीछे बांधकर घसीटा जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपियों ने युवक की मारपीट व वाहन के पीछे घसीटते हुए का वीडियो बनाकर इंटरनेट पर वायरल भी किया। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए 8 व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जिसमें से पांच व्यक्तियों की गिरफ्तारी हो चुकी है आरोपियों की संपत्ति भी खंगाली जा रही है। आरोपियों द्वारा अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया जा रहा है, जिसमें सबसे पहले मुख्य आरोपी महेंद्र के मकान को ध्वस्त किया गया है।

### बसपा सुप्रीमो ने घेरा एमपी सरकार को

बसपा सुप्रीमो मायावती ने घटना की कड़ी निंदा की। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अति-निन्दनीय बताया है। साथ ही सरकार से दोषियों को सख्त सजा देने की मांग भी की है। उन्होंने इस मामले में सरकार को घेरा

## केरल में बेकाबू कोरोना, लगेगा नाइट कर्फ्यू, लॉकडाउन भी संभावित

### अगले सप्ताह से बढ़ेंगी पाबंदियां मुख्यमंत्री के निर्देश



**तिरूअनंतपुरम।** भारत में कोरोना के केस एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। बीते 24 घंटों में देशभर में कोरोना के 45,083 केस सामने आए हैं। 460 लोगों की मौत हुई है और 35,840 मरीज ठीक हुए हैं। अभी देश में 3,68,558 एक्टिव केस हैं। सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति केरल में हैं। यहां 31,265 नए केस सामने आए हैं और 153 मरीजों की मौत हुई है। यह चौथा दिन है जब केरल में 30 हजार से अधिक कोरोना केस आए हैं। देश के कुल मामलों का करीब 70 फीसदी मरीज केरल से आए हैं। केरल में बिगड़ते हालात के बीच सरकार ने कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के लिए बड़ा फैसला लिया है। राज्य में अगले सप्ताह से नाइट कर्फ्यू लागू होगा। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अध्यक्षमता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया। रात्रि कर्फ्यू रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रहेगा। सीएम विजयन ने कहा कि ऐसे इलाके जहां संक्रमण दर सात प्रतिशत से ज्यादा है। वहां सरकार ने लॉकडाउन लगाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अगले हफ्ते से रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कर्फ्यू रहेगा। बता दें बीते कुछ दिनों से सिर्फ केरल में लगभग दो तिहाई नए केस सामने आए हैं।

## अब उज्जैन में लगवाए जय श्री राम के नारे



**उज्जैन।** उज्जैन जिले के झारड़ा क्षेत्र के सेकली गांव मैं शनिवार को एक कबाड़ी का काम करने वाले मुस्लिम व्यक्ति को कुछ लोगों ने पकड़ लिया और उससे जबरन जय श्रीराम के नारे लगवाए। कबाड़ी के साथ मारपीट भी की गई। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने तत्काल आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के आदेश जारी किए, जिसके बाद दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। टीआई विक्रमसिंह ईवने ने बताया कि शनिवार को सेकली गांव में महिदपुर का रहने वाला कबाड़ी का काम करने वाला अब्दुल नामक व्यक्ति गया था। जिस पर उसे गांव के ईश्वर और कमल नामक युवकों ने पकड़कर पीटा और उससे जबरन जय श्री राम के नारे लगवाए। पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया। रविवार को वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद एसपी सतेंद्र कुमार शुक्ला ने तत्काल झाड़ा थाना प्रभारी को केस दर्ज करने व आरोपित युवकों की गिरफ्तारी के आदेश जारी किए। मामले में पुलिस में दोनों आरोपितों के खिलाफ धारा 153 ए, 505, 323, 294, 34 के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

## हो सकता है आतंकी हमला

### तालिबान से मिले जैश के दहशतगर्द



**जम्मू।** भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने कश्मीर में आतंकी हमले की आशंका जताते हुए अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट भारत के खिलाफ पाकिस्तान से आतंकी गतिविधियां चला रहे जैश-ए-मोहम्मद के सरगनाओं की तालिबानी आतंकियों से कंधार में हुई मुलाकात के बाद जारी किया गया है। सुरक्षा एजेंसियों को इस मुलाकात के साथ ही सीमा पार आतंकियों की हलचल बढ़ने को लेकर कुछ अहम इनपुट मिले हैं। अगस्त के तीसरे हफ्ते में हुई इस मुलाकात में तालिबानी आतंकियों का एक बड़ा समूह शामिल था। जिसने भारत में आतंकी गतिविधियां बढ़ाने के लिए तालिबान से समर्थन मांगा। साथ ही पाकिस्तान के राजनीतिक हालात पर भी बैठक में चर्चा हुई। गौरतलब है कि 15 अगस्त को तालिबानी आतंकियों ने काबुल पर कब्जा कर यहां की लोकतांत्रिक सरकार भंग कर दी थी। इस समय कई देश यहां से अपने नागरिकों को निकालने में जुटे हैं। लाखों अफगान नागरिक भी दूसरे देशों में शरण मांग रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि 24 अगस्त को खुफिया इनपुट में सामने आया कि पाकिस्तान से आतंकी घुसपैठ कर श्रीनगर में ग्रेनेड हमले करने की कोशिश में हैं।

### मेरठ के किठौर में दिन निकलते ही दो किशोरों की हत्या

**मेरठ।** किठौर में रविवार को दिन निकलते ही दो किशोरों की निर्मम हत्या कर दी गई। दोनों के शव गांव के बाहर जंगल में पड़े मिले हैं। बताया गया कि दोनों किशोर शनिवार शाम को अपने घर से कुछ देर बाद लौटने की बात कहकर निकले थे लेकिन वापस नहीं लौटे, जिसके बाद रविवार को दोनों के शव जंगल में मिले। पुलिस मौके पर पहुंची।

## अयोध्या में रामायण कांक्लेव का राष्ट्रपति ने किया शुभारंभ



**अयोध्या।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एक दिवसीय अयोध्या दौरे पर हैं। शनिवार को उनके स्वागत व सुरक्षा को लेकर सभी इंतजामों को अंतिम रूप दिया गया। अयोध्या धाम को सील करते हुए चप्पे-चप्पे पर निगहबानी है। वहीं दोपहर बाद रेलवे स्टेशन को छावनी में तब्दील कर दिया गया। राष्ट्रपति की सुरक्षा में ड्रोन कैमरे के साथ पैरामिलिट्री, कमांडो, एटीएस के दस्ते ने मोर्चा संभाला है। पूरी रामनगरी में सीसीटीवी कैमरे का जाल बिछा दिया गया है। रामकथा पार्क में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दीप जलाकर रामायण कांक्लेव का शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति को रामनामी ओढाकर व राम दरबार का चित्र भेंट किया। वहीं, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने राष्ट्रपति की धर्मपत्नी को बनारसी साड़ी भेंट की। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंच गए हैं। प्रेसीडेंशियल ट्रेन सुबह साढ़े 11 बजे अयोध्या स्टेशन पहुंची। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर अयोध्या धाम को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। सभी एंट्री प्वाइंट पर बैरियर लगा दिए गए हैं। अब स्थानीय लोगों को भी प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर विपक्ष के कई नेताओं को नजरबंद कर दिया गया है। उनके घरों पर पुलिस का पहरा है। डॉ. गनी, मनीष पांडेय, व्यापारी नेता नंद कुमार गुप्ता उर्फ नंदू को हाउस अरेस्ट किया गया है। वहीं, गांधी पार्क व तिकोनिया पार्क में भारतीय किसान यूनियन के चल रहे धरने पर भी पुलिस का सख्त पहरा है।

### नाबालिग से 7 लोगों ने किया दुष्कर्म

**रांची।** मैसूर के बाद रांची से भी गेंगरेप का मामला सामने आया है। यहां 13 साल की छात्रा के साथ उसके ही दोस्तों ने बारी-बारी से रेप किया। छात्रा गिड़गिड़ाती रही और छोड़ देने की गुजारिश करती रही, लेकिन हैवानों ने उसकी एक नहीं सुनी। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने परिवारीजनों की शिकायत पर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं अन्य फरार हैं।




## श्री कृष्ण का आधी रात में जन्म, एक-एक कारण बड़ा महत्वपूर्ण



**धर्म डेस्क।** जन्माष्टमी का पावन पर्व अब कुछ ही घंटो बाद दस्तक देने जा रहा है। यह पर्व हर साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस साल यह त्योहार 30 अगस्त 2021 दिन सोमवार को दस्तक देने जा रहा है। हर साल की तरह इस बार भी पूरी दुनिया को प्रेम का महत्व समझाने और धर्म की स्थापना करने के लिए लगभग 5 हजार साल पहले धरती पर जन्म लेने वाले प्रभु श्री कृष्ण जी का जन्मोत्स बड़ी ही धूम-धाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण की लीला से तो हर कोई परिचित है। भगवान ने जन्म लेने के लिए जिस नक्षत्र, समय और दिन को चुना था वह कई मायनों से खास है, साथ ही इसका संबंध उनके पूर्वजों से भी जुड़ा हुआ है। भगवान द्वारा उनके जन्म लेने कि जो स्थिति तय की गई थी असल में वे काफी मायने रखती है भगवान श्रीकृष्ण जी के अगर पूर्वजों की बात करें तो पुराण के अनुसार उनके पूर्वज चंद्रवंशी थे, जो कि बुध के बेटे हैं। इसी वजह से भगवान श्री कृष्ण ने अपने जन्म के लिए बुधवार का दिन चुना और चंद्रमा को अपनी पत्नी रोहिणी अति प्रिय थी इसलिए उन्होंने नक्षत्र रोहिणी को चुना था। इसके अलावा चंद्र देव की इच्छा थी कि भगवान विष्णु उनके कुल में जन्म लें बस यही इच्छा को पूरी करने के लिए भगवान ने उनके कुल में जन्म लिया और कई बुरी शक्तियों का नाश करके महाभारत के जरिए धर्म की स्थापना की।



## डॉ. त्रेहन बोले- कहीं हम स्कूल खोलने की जल्दबाजी तो नहीं कर रहे, बच्चे बीमार पड़े तो संभाल नहीं पाएंगे

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना की दूसरी लहर अभी खत्म नहीं हुई है। इस बीच, जिन राज्यों में केस कम हो गए हैं वहां नियमों मे ढिल दी जा रही है। कई राज्यों ने 1 सितंबर से स्कूल खोलने की घोषणा भी कर दी है। इस बीच, देश के जाने-माने डॉक्टर और मेदांता ग्रुप के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहन ने कहा है कि भारत में अब तक बच्चों का टीकाकरण शुरू नहीं हुआ है। यदि बड़ी संख्या में बच्चे बीमार पड़ जाते हैं, तो हमारे पास उनकी देखभाल के लिए अच्छी सुविधाएं नहीं हैं। हमारी जनसंख्या के आकार को देखते हुए हमें सतर्क रहना चाहिए। स्कूलों को फिर से खोलने के मुद्दे पर उन्होंने सवाल किया कि, क्या हमें अभी और कुछ महीनों के लिए धैर्य रखना चाहिए, टीका बाजार में आने देते हैं और बच्चों का टीकाकरण करवाते हैं और इसके बाद उन्हें स्कूल भेजतेहैं? या कि हम किस कारण से स्कूल खोलने की जल्दी में हैं, मुझे नहीं पता? यह देखना होगा कि हमें किन परिस्थितियों में स्कूल फिर से खोलना चाहिए।इससे पहले देश में कोरोना की तीसरी लहर पर डॉ. नरेश त्रेहन ने कहा था कि अगर हम इसे कंट्रोल करना चाहें तो सबको अनुशासन में रहना होगा। कोरोना गाइडलाइन का पालन करना होगा। कोरोना की तीसरी लहर को कम किया जा सकता है।





## छात्र परिषद अलंकरण समारोह

# स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया

जबलपुर। नेतृत्व भूमिका के बारे में नहीं यह तो हमेशा लक्ष्य के बारे में है। यह कहना है रिटायर्ड डीआईजी मनोहर वर्मा का और अवसर थाए छात्र.छात्राओं में अनुशासन एवं नेतृत्व जैसे गुणों को विकसित करने के उद्देश्य से स्टैंमफील्ड इंटरनेशनल स्कूलए जेडीए स्कीम 41 विजय नगर जबलपुरए में आयोजित छात्र परिषद अलंकरण समारोह कार्यक्रम में छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को उनके पद तथा कर्तव्यों के अनुपालन की शपथ दिलाई गई। साथ ही स्कूल में आयोजित किए गए हरियाली महोत्सव में विजयी हुए छात्रों दिव्यांशी रजनीए मौलिक रजनीए महक सोनीए माही सोनी इत्यादि छात्रों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागतगीत के साथ दीप प्रज्वलन के साथ साथ हुआ। मुख्य अतिथि रिटायर्ड डीआईजी मनोहर वर्मा रहे। चेयरपर्सन श्रीमती मधु जयसवालए श्रीमती स्वप्ना महाजनए स्कूल डायरेक्टर पर्व जायसवालए स्कूल एडमिन श्रीमती सुमित्रा जायसवाल एवं प्रिंसिपल श्रीमती मनमीत कोहली ने छात्रों को बैज और शैश से सुशोभित किया। इसके साथ ही नई छात्र परिषद को पद की शपथ दिलाई और जीवन में अनुशासन और गरिमा के महत्व पर जोर दिया। स्कूल के डायरेक्टर पर्व जायसवाल ने अपने संबोधन में दोहराया कि हम अपने छात्रों को विभिन्न जिम्मेदारियों को निभाते हुए उनके आत्मविश्वास को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैंए संभावनाओं की उनकी छोटी.छोटी आंशिक चिंगारियों को उपलब्धियों की लकीरों में उड़ाते हुए हम उन्हें सफलता और गौरव के मार्ग पर ले जाते हैं कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि श्री मनोहर वर्मा के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# जबलपुर के कृष्ण मंदिरों में जन्माष्टमी की तैयारियां जारी

## कोविड के निर्धारित नियमों के तहत किया जायेगा पूजन अर्चन

**जबलपुर। शहर के कृष्ण मंदिरों में जन्माष्टमी पूर्व तैयारियां जोरों पर हैं। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी लड्डू गोपाल का अभिषेक होगा। उनका आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। भोग चढ़ाया जाएगा। प्रसाद वितरण होगा।**



बादशाह हलवाई मंदिर के कृष्ण मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा की जा रही है। राधा-कृष्ण मंदिर, गढ़ा बाजार में भी इसी तरह की तैयारी है। सदर के कृष्ण मंदिर में अभी से विशेष पूजन को गति दे दी गई है। प्रेम मंदिर में भक्तों की आवागमन सामान्य दिनों से अधिक हो गया है। कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए पूजन-अर्चन किया जा रहा है।

### मंदिरों ने की ऑनलाईन दर्शन की तैयारियां

शहर के कई कृष्ण मंदिरों में ऑनलाईन दर्शन कराने की तैयारियां की जा रही है। प्रशाासन द्वारा निर्धारित नियमों के तहत ही श्रृद्वालुओं को दर्शन कराये जायेगें। वहीं आमतौर पर लगने वाले मेले को भी प्रतिबंधित किया गया है। जिसमें राममंदिर स्थित जन्माष्टमीं कार्यक्रम के दौरान मेला नहीं लगाया जायेगा।



# व्हीएफजे अस्पताल में चिकित्सा शिविर

**वर्कर्स यूनियन ने मनाया प्रथम स्थापना दिवस**

**जबलपुर यशभारत।** व्हीकल फैक्ट्री मे विगत वर्क्स कमेटी चुनाव के दौरान गठित वर्कर्स यूनियन का प्रथम औपचारिक स्थापना दिवस मनाया गया ।इस मौके पर वर्कर्स यूनियन के महामंत्री नितेश सिंह ने कहा कि यूनियन का उद्देश्य कर्मचारियों के हितों की रक्षा के साथ उनके और परिवार के कल्याण हेतु है ।चूंकि वर्तमान में कोरोना के साथ मौसमी बीमारियों डेंगू मलेरिया बुखार आदि का प्रकोप और कहर जारी है ।लिहाजा यूनियन ने अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझते हुए प्रथम स्थापना दिवस स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया ।शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अतुल गुप्ता महाप्रबंधक ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीशनल जी एम ओ पी तिवारी और संयुक्त महाप्रबंधक एम के मौर्या सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे ।इस मौके पर व्हीकल फैक्ट्री अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण्एस के राय के साथ अतिथि विशेषज्ञ डाण्राजीव सावंत अस्थि रोग डाण्अमजद अली हृदय रोग सुनील गुलाटी डाण्नितिन वाधवा डाण्निशिन्त गुप्ता डाण्डी यू पाठक डाण् राजेश पटेल डाण्के वर्मा आदि विभिन्न विशेषज्ञ डाक्टरों के सहयोग से कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों की विभिन्न जांचें और दवाओं के वितरण के साथ परामर्श दिया गया।

यूनियन का मानना है कि यदि कर्मचारी और उसका परिवार स्वस्थ है तो वह पूर्ण समर्पण के साथ देश की रक्षा मे योगदान देगा ।इस मौके पर कार्य समिति सदस्य रामभुवन पटेल राजेश मिश्रा असीम दुबे जानसन ब्रजेश गौतम सुंदर लाल सुमन राणा अनिल वर्मा आदि का सहयोग रहा।

# सहारा कंपनी दो माह में ब्याज सहित चुकाये राशि

## जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के निर्देश

**जबलपुर यशभारत।** सहारा केडिट कोआपरेटिव सोसायटी लिण्द्वारा प्रचारित ष्सहारा स्पेशल फिक्स मे परिवादनी प्रतिभा जैन सराफ जबलपुर निवासी ने सहारा स्पेशल फिक्स मे दिनांक 21.05.2018 को 18 माह के लिए 15000ध्रूपये की अलग.अलग 4 धन्यवाद राशि जो कुल 60000 रूपये निवेशित की थी जिसकी परिपक्वता अवधि 21ध05ध2019 को 70260ध्रूपये का भुगतान महिला परिवादी को होना था। इसी तरह दूसरे परिवाद मे भी महिला परिवादी ने 15000ध्र15000ध्रूपये की 3 धन्यवाद राशि जो 45000रूपये निवेशित की थी जिसकी परिपक्वता भी 21ध05ध2019 को 52695 रूपये का भुगतान परिवादनी को होना था परन्तु अनावेदक सहारा द्वारा अवधि पूर्ण होने के पश्चात् भी दोनों परिवादिनी का भुगतान नहीं किया। जिससे परिवादनी ने माननीय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग जबलपुर के समक्ष 2 अलग.अलग परिवाद प्रस्तुत कर परिपक्वता राशि प्राप्त करने एव मानसिक क्षत्रि हेतु 50000 एवं वाद व्यय हेतु 20000 रूपये एवं परिपक्वता अवधि से भुगतान दिनांक तक 18ः ब्याज की मांग की थी जिसमे माननीय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग 1जबलपुर के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव एवं नागेन्द्र चौरसिया ने दिनांक 24ध08ध2021को आदेश पारित करतें हुए सहारा केडिट कोआपरेटिव सोसायटी लिण् को आदेशित किया कि परिपक्वता राशि एवं परिपक्वता अवधि से भुगतान दिनांक तक 8ः साधारण ब्याज एवं मानसिक क्षत्रि एवं वाद व्यय के रूप मे 3500ध्रूपये आदेश पारित दिनांक से 2माह मे समस्त राशि का भुगतान परिवादनी को अदा करे!परिवादनी की ओर से अधिवक्ता शफीक जौहर एरुबीना खान एवं एसण्त्रिवेदी ने पैरवी की!

# लेबर यूनियन के वर्क्स कमेटी सदस्य ने पाला बदला



जबलपुर यशभारत। आयुध निर्माणी खमरिया में अप्रत्याशित घटनाक्रम के चलते लेबर यूनियन लाल झंडे के एक वर्क्स कमेटी सदस्य राकेश जायसवाल ने पाला बदलते हुए कामगार यूनियन मे चले गए ।उनका दावा है कि उनके साथ अपने 22 साथियों के साथ भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ की कामगार यूनियन की सदस्यता ग्रहण की । इस मौके पर बी पी एम एसके राष्ट्रीय संगठन मंत्री नरेन्द्र तिवारी ने श्री जायसवाल के साथ अमित अग्रवाल एमनोज कुमार एबिहारी लाल एप्रभु गुप्ता एकपिल गौंड एमुकेश कुमार एजगदीश चौधरीएविनोद पासी एराहुल कोष्टी एशंकर लाल एप्रदीप बाबू एराजू सिंह एसंदीप कुमार एग्यारसी लाल चक्रवर्तीएरवि पंचाल एचमन चक्रवती विकास रजक एअमित कुमार एराशिया अंजुम एएवं परवीन द्वारा सदस्यता ग्रहण करने पर बधाई दी । इस अवसर पर यूनियन एअध्यक्ष राजेंद्र चडारिया रूपेश पाठक अरुण मिश्रा विक्रम सिंह कृष्ण कुमार शर्मा विजय भावे मोहित बनोधा आदि उपस्थित थे

# केन्द्रीय मंत्री ने लिया आचार्य श्री का आर्शीवाद




केन्द्रीय मंत्री श्री खटीक के साथ दुर्गेश शाह ( टिंकल ) व अन्य भाजपा पदाधिकारी आशीर्वाद प्राप्त करते हुए

**जबलपुर।** केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक जनआर्शीवाद यात्रा में शामिल होने अपने जबलपुर प्रवास के दौरान दयोदय तीर्थ तिलवारा में विराजमान आचार्य गुरूदेव श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त किया। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर,भाजपा महामंत्री रजनीश यादव,नगर उपाध्यक्ष जय सचदेवा,व्यापारी प्रकोष्ठ सह संयोजक दुर्गेश शाह,रोहित जैन,मनीष जैन,सौरभ जैन, नन्नू पवन चौधरी उपस्थित रहे।

## पमरे का 66 वां रेल सप्ताह समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया

**जबलपुर यश भारत।** पमरे के प्रमुख मुख्य विघुत इंजीनियर स्तर का 66 वां रेल सप्ताह समारोह 2021 पश्चिम मध्य रेल के सतपु?ा रेल अधिकारी क्लब जबलपुर में कोविड प्रोटोकॉल के अंतर्गत उल्लासपूर्वक मनाया गया। रेल सप्ताह समारोह का सभी रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेसब्री से इन्तजार रहता है क्योकि इस दिन उनके सालभर के कार्यो की समीक्षा के उपरान्त उनको पुरस्कार प्रदान करने का दिन होता है। वित्तीय वर्ष 2020.21 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियोंध्कर्मचारियों को यह पुरस्कार 66 वां रेल सप्ताह समारोह 2021 का दिया जा रहा है । कार्यक्रम का शुभारंभ पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख मुख्य विघुत इंजीनियर डॉण् राकेश कुमार गुप्ता के कर कमलों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके साथ मुख्य विघुत इंजीनियर जेण् आरण् मीणाए डीण् एलण् मीणाए आरण् केण् सिंह एवं डीण् ग्रेवाल तथा मण्डलों के अन्य अधिकारी भी शामिल थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अपने संबोधन में प्रमुख मुख्य विघुत इंजीनियर श्री गुप्ता ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।


अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

ADMISSION OPEN
भारतीय ITI
Affiliated By DGET & NCVT (Govt. Of India)
ISO CERTIFIED — ELECTRICIAN 2 Year Engg. Trade
ESTD 1990 — FITTER
FREE ONLINE REGISTRATION
Sharda Chowk (Infront of Chourasiya Hotel) Madan Mahal, Jabalpur
Ph. : 0761-4003860, 9425162863, 9425150550, 7974960286

DS44 रिटेल एवं होलसेल
फिक्स रेट शॉप
जीन्स 375/- लोवर 199/-
शर्ट 249/- टी-शर्ट 199/-
सम्पर्क 9109244144
पता- जबलपुर तुलाराम चौक स्टेट बैंक के आगे आनंद रेडियो के बाजू से

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तो पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

Pure & Tasty AK's Special
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त, तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
सीमित स्थान — नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर — प्रवेश प्रारंभ
B.Sc. NURSING — 4 वर्षीय पाठ्यक्रम, प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing — 2 वर्षीय पाठ्यक्रम, प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM — 3 वर्षीय पाठ्यक्रम, प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार — शासकीय मेडिकल अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Raiway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
SC/ST/OBC छात्रों को सरकारी नियमानुसार 100% तक छात्रवृत्ति
प्रतिभा सम्मान योजना
कक्षा 12 वीं में, 75% से अधिक अंक प्राप्त छात्रों को फीस में भारी छूट
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
मो.: 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

## बढ़ते प्रदूषण के स्तर को लेकर क्षेत्रवासियों में बढ़ी चिन्ता

# बद से बदहाल हनुमानताल

**जबलपुर,यशभारत। शहर की पहचान और खूबसूरत हनुमानताल सौंदर्य के लिए जाना जाता है। इस तालाब में प्रदूषण कम होने का नाम नहीं ले रहा है। आम लोगों को लगता है कि तालाब में प्रदूषण की अहम वजह पूजन सामग्री का तालाब में बहाना है, जबकि इससे कई गुना ज्यादा प्रदूषण आसपास के घरों से निकले वाली गंदगी घुलने से हो रहा है।**



निगम के सफाई कर्मी तालाब के किनारे से हर दिन करीब 50 किलो गंदगी समेटते हैं।

### गंदा पानी तालाब में मिलता है

मप्र प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी का कहना है कि आसपास पूरा रहवासी इलाका होने की वजह से यहां का गंदा पानी पूरा तालाब में मिलता है। जिस वजह से प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। तालाबों को स्वच्छ बनाने के लिए जरूरी है कि गंदगी को मिलने से रोका जाए। घरों से निकलने वाला सीवेज का पानी पाइप लाइन के माध्यम से कहीं और भेजा जाए ताकि तालाब दूषित न हो। इसके अलावा पूजन सामग्री भी तालाब में कई दिनों तक पड़े होने की वजह से प्रदूषण फैलता है। पूजन सामग्री डालने के लिए तालाब के किनारे बॉक्स लगाए जाएं। ताकि लोगों को कचरा उसमें डालने में सुविधा हो।

### किनारे पर नशेडियों का जमावड़ा

हनुमानताल क्षेत्र के आसपास नशेड़ियों का जमावड़ा भी देखा जा सकता है। यहां पर युवा बैठकर शराब सहित अन्य नशे का सेवन करते है। हालांकि हनुमानताल थाना ठीक सामने होने के बावजूद भी यह क्षेत्र नशेडियों का अड्डा बना हुआ है। ।पुलिसिया कार्रवाई न होने के चलते यहां नशे का कश लगा रहे लोगों को किसी का डर नहीं रह गया है। वहीं यह नशेडी यहां से गुजर रही महिलाओं के लिये भी समस्या बने हुए है।

### कांग्रेस सरकार ने की थी जीर्णोद्वार की घोषणा

पूर्व कांग्रेस सरकार में नगरीय एवं प्रशासन मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह ने हनुमानताल के जीर्णोद्वार के लिये एक बड़ी राशि की घोषणा की थी तब क्षेत्रीय लोगों को लगा कि जल्द ही हनुमानताल का कायाकल्प हो जायेगा लेकिन बदली सरकार के चलते यह योजना ठण्डे बस्तें में डाल दी गई।



## पाटन के केदार परिवार के घर पहुंचे केन्द्रीय मंत्री

जबलपुर। जबलपुर आमन पर पाटन दौरे के समय केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक कैलाश प्रसाद के घर पहुंचे जिस पर परिवार के सदस्यों द्वारा उनका पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर राजकुमार,रमेश कुमार,बबन कुमार,महेन्द्र,देवेन्द्र,शैलेन्द्र,सिद्धार्थ,कृष्णा,वंश,देवांश जतिन,चन्द्रभान,अमन,रितिक, अंकित,अनन्या व वंशिका सहित क्षेत्र के कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## दिगम्बर जैन मंदिर में चोरी, चांदी का छत्र और दानपेटी से ले उडे नगद रूपए

जबलपुरए यशभारत। गोसलपुर स्थित श्री दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र मंदिर में बीती रात चोर हो गई। मंदिर में चोरी होने की खबर क्षेत्र में आग की तरहफैली और सुबह.सुबह स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर मंदिर पहुंची गोसलपुर पुलिस ने प्राथमिक जांच करते हुए अज्ञात के विरुद्ध अपराध दर्ज करते हुए चोरों की पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस की एक टीम पुरानी चोरियों में शामिल चोरों और संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि गोसलपुर स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में दरम्यिानी रात चोरी हो गई। अखिलेश जैन ने पुलिस को बताया कि चोरों ने मंदिर कताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर मंदिर से चांदी का छत्र और दानपेटी का ताला तोड़कर 30 से 35 हजाररुपए चोरी कर ले गए हैं। जांच दौरान लोगों ने पुलिस को बताया कि चोरों ने संभवत रात 2 से 3 बजे के बीच मंदिर में चोरी की है। मौकेपर चर्चा रही कि चोर मंदिर परिसर में बाउंडरीवॉल फांदकर अंदर आए हैं। बाउंडरीवॉल में चैनल गेट लगा हुआ है, जिसमें अंदर से ताला लगा हुआ था।



## जबलपुर की लॉबी पमरे की सर्वश्रेष्ठ लॉबी बनी
## पीसीईई ने दिया दक्षता गोल्ड शील्ड

'जबलपुर यश भारत। ए पमरे के 66 वें रेल सप्ताह पुरस्कार में पीसीईई राकेश कुमार गुप्ता द्वारा ॅब्त् के कई विद्युत कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया।इसी के तहत पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों रेल मंडलों जबलपुरए भोपाल व कोटा के अंतर्गत जितनी भी क्रू लॉबी हैए उनमें जबलपुर क्रू लॉबी को सर्वश्रेष्ठ लॉबी के रूप में चयनित करते हुए 66वें रेल सप्ताह के दौरान पमरे के प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता ;पीसीईईद्ध डॉक्टर राकेश कुमार गुप्ता ने सर्वश्रेष्ठ लॉबी की दक्षता शील्ड ;गोल्डद्ध प्रदान किया।उल्लेखनीय है कि यह दक्षता शील्ड लॉबी की कार्यप्रणालीए सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं व कर्मचारियों की संतुष्टि के आधार पर दी जाती हैण् उक्त मापदंड में जबलपुर की क्रू लॉबी सर्वश्रेष्ठ पाई गईए जिसके बाद पीसीईई ने एक समारोह में वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर ;टी आर ओद्ध राम बदन मिश्रा एवं मुख्य कर्मीदल नियंत्रक एमआई खान को शील्ड प्रदान की गई।वेस्ट सेंट्रल रेलवे एंप्लाइज यूनियन के मंडल सचिव कामरेड नवीन लिटोरिया एवं मंडल अध्यक्ष बी एन शुक्ला ने पुरस्कार पाने वाले सभी लोको शेडए लॉबीए लोको पायलटऐम्ए व सभी विद्युत कर्मचारियों को क?ी मेहनत की बदौलत पुरस्कार पाने का हकदार बताते हुए बधाई दी है एवं भविष्य में भी इसी प्रकार जबलपुर मंडल व ॅब्त् का नाम रोशन करने की अपील की है।

## नगर परिषद पाटन को किया गया 100 प्रतिशत वैक्सीनेटेड घोषित

**जबलपुर,** । नगर परिषद पाटन को कोरोना महामारी से रोकथाम के लिए चलाये जा रहे व्यापक टीकाकरण महाअभियान के अंतर्गत समस्त 15 वार्डों को 100 प्रतिशत वैक्सीनेटेड घोषित किया गया है। वार्ड क्रमांक 09 स्थित गुलाब पटेल सामुदायिक भवन में विधायक श्री अजय विश्नोई की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद पाटन को 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन का प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के साथ ही कालीमाई मंदिर वार्ड क्रमांक 13 में टीन शेड का लोकार्पण कार्य विधायक श्री विश्नोई के द्वारा संपन्न किया गया। कार्यक्रम में श्री शाहिद खान, राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, श्री प्रमोद चतुर्वेदी तहसीलदार, श्री अश्विनी पाठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद, श्री आदर्श विश्नोई मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी, श्री नीलम सिंह चौहान मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सुरभि जैन नायब तहसीलदार स्वप्निल जैन सहित ब्लॉक स्तरीय समस्त अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत भवन से सप्लाई हो रही थी कच्ची शराब : थाना भेड़ाघाट

जबलपुरए यशभारत। थाना भे?ाघाटए चरगंवॉ और घमापुर पुलिस ने दबिश देकर दो शराब तस्करों को पक?करए भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की। ग्राम बेनीखे?ा में दबिश के दौरान पुलिस तब हैरत में प? गयी जब एक ग्राम पंचायत के भवन से अवैध सप्लाई हो रही थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि ग्राम बेनीखे?ा के खण्डर नुमा पुराना ग्राम पंचायत भवन में अंग्रेजी शराब भरी रखी है। सूचना पर ग्राम पंचायत भवन पहुंचकर तलाशी ली गयी तो पुराने खण्डर ग्राम पंचायत भवन के कमरे में 10 नग अंग्रेजी शराब के कार्टून रखे मिले काटूर्नो को खोलकर चैक करने पर 10 काटूर्नो में 486 पाव बाम्बे स्पेशल अंग्रेजी शराब कीमती लगभग 63 हजार रुपए की होना पायी गयी जिसे जब्त करते हुये कार्यवाही करते हुए आरोपी की तलाश जारी है।

## मझौली से चुराई तवेरा बरेला के जंगल में मिली
## डीजल खत्म होने के कारण छोड़कर आ गया था घर आरोपी गिरफ्तार



**'जबलपुर यश भारत।** मझोली के शासकीय अस्पताल के पास रहने वाले एक व्यक्ति की तवेरा गाड़ी सुनवानी निवासी एक युवक उसे चुरा कर बरेला रोड से लेकर कहीं जा रहा था जहां रास्ते में उसका डीजल खत्म हो जाने के कारण वह उसको वही छोड़कर घर आ गया पीड़ति पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने घटना की पड़ताल करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन को जप्त कर लिया गया। इस संबंध में मझौली पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय अस्पताल के पास रहने वाले 37 वर्षीय कल्लू राजपूत पिता इंद्र कुमार राजपूत विगत 21 22 की दरमियानी रात अपनी तवेरा गाड़ी को घर के सामने खड़ा करने के बाद वह उससे चाबी निकालना भूल गए और घर में आकर सो गया सुबह जब उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि जहां पर गाड़ी खड़ी की थी वहां पर नहीं है पहले तो उन्होंने अपने स्तर पर काफी तलाश की किंतु जब उसका कहीं भी कोई सुराग नहीं लगा तो उनके द्वारा इस घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई पुलिस ने पीड़ति पक्ष की रिपोर्ट के आधार पर घटना को विवेचना में लेते हुए शक के आधार पर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुनवानी ग्राम का रहने वाला रामप्रसाद उर्फ बरैया से पूछताछ की गई तो उसने वाहन चोरी करना स्वीकार किया पुलिस को पूछताछ पर उसने बताया कि बरेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत लकरी ग्राम के जंगल में गाड़ी का डीजल खत्म हो जाने के कारण मैं उसको वहीं छोड़कर घर आ गया था पुलिस ने आरोपी को अपने साथ लेकर वह से स्थान पर पहुंची जहां पर गाड़ी खड़ी हुई थी पुलिस ने गाड़ी को अपने कब्जे में लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर मझौली थाने लेकर आई प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत पुलिस ने वाहन चोर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उसके विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही की गई उक्त कार्रवाई सिहोरा एसडीओपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी एसआई गोविंद प्रसाद तिवारी आरक्षक सुमित एवं आरक्षक अमित द्वारा की गई।



## महिलाओं ने रखा संतान के लिए हलषष्ठी व्रत

**पनागर।** भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को हलछठ का व्रत महिलाओं द्वारा संतान के लिये रखा गया जिसमें पूजन कर व्रत तो?ा गया। भगवान ?श्रीकृष्ण के बड़े भ्राता बलराम जी की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। बलराम जी का जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से दो दिन पूर्व होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हरछठ का व्रत संतान की लंबी आयु और सुखमय जीवन के लिए रखा जाता है। यह निर्जला व्रत महिलाएं रखती हैं। हल षष्ठी के दिन व्रत रखते हुए बलराम जी और हल की पूजा की जाती है शुभमुहूर्त में पूजन करती देववती पटेलएललिता साहूएप्रिया पटेलएसरोज पटेलएसविता पटेलएममता पटेल आदि अनेक महिलाएं थी।

## जिला न्यायालय में सुरक्षा बढाई जाये
### अधिवक्ताओ की सुरक्षा मेरा कर्तव्य. सैनी



जबलपुर। जिला न्यायालय में पुलिस द्वारा किसी भी मुजरिम को पेश किये जाने के दौरान आरोपी के पीछे.पीछे अनावश्यक तत्व भी न्यायालय परिसर में प्रवेश करते हैए जबकि न्यायालय के सभी गेटो में ऐसे लोगो को रोकने के लिये पुलिस तैनात रहती है।

जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष आरण्केण्सिंह ने लचर पुलिस व्यवस्था पर प्रश्न उठाते हुये कहा कि कल पुलिस ने एक आरोपी को न्यायालय मे पेश करने लाई तो उसके पीछे बडी संख्या में फालतू लोग भी आ गयेए जिस पर पुलिस मूकदर्शक बनी रही। समय रहते अधिवक्ताओ अपनी ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुये स्वयं सुरक्षा का मोर्चा संभाला और भीड को न्यायालय प्रांगण से बाहर किया।

श्री सैनी ने कहा कि अधिवक्ताओ की सुरक्षा उनका कर्तव्य हैए बाहरी तत्व द्वारा किसी भी अधिवक्ता के साथ की गई बदतमीजी को बदार्शत नहीं किया जायेगाए यदि इस तरह का कोई कृत्य होता है तो अधिवक्ता स्वयं कार्यवाही करेंगे और उसकी पूरी जवाबदारी पुलिस प्रशासन की होगी। कल न्यायालय परिसर में इतनी भीड के घुसने पर जजोए वकीलोए विधि अधिकारियो की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुये हुये श्री सैनी ने कहा कि न्यायालय के अंदर व गेटो में नये पुलिस कर्मियो को तैनात कर सुरक्षा बढाई जायेए और कल घुसी भीड पर वहां तैनात लापरवाह पुलिस कर्मियो को तत्काल हटा कर उन्हें दंडित किये जाने की मांग पुलिस के आला अफसरो से की हैं।

### शत–प्रतिशत टीकाकरण कराने वाली सर्वाधिक
# ग्राम पंचायतों के मामले में जबलपुर प्रदेश में अव्वल

**जबलपुर जिले की 123 ग्राम पंचायतों की सौ–फीसदी आबादी को लगा टीका**

जबलपुर, । शत–प्रतिशत टीकाकरण कराने वाली ग्राम पंचायतों की संख्या के मामले में जबलपुर जिला प्रदेश में अव्वल है। अब तक जबलपुर की रिकार्ड 123 ग्राम पंचायतों की सौ–फीसदी आबादी को कोरोना का टीका लग चुका है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी हाल ही में जबलपुर जिले की शत–प्रतिशत टीकाकरण कराने वाली ग्राम पंचायतों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। उन्होंने सौ–फीसदी टीकाकरण कराने वाली ग्राम पंचायतों की न केवल हौसला अफजाई की बल्कि अन्य पंचायतों को इनका अनुसरण करने की बात कही। जिले की सौ–फीसदी वैक्सीनेटेड ग्राम पंचायतों में विकासखण्ड पनागर की 18 ग्राम पंचायत, जबलपुर की 11, कुण्डम की 10, शहपुरा की 9, मझौली की 24, पाटन की 28 ग्राम पंचायत और विकासखण्ड सिहोरा की 23 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने इस सभी पंचायतों के ग्रामीणों को इस विशिष्ट उपलब्धि के लिये बधाई दी है। गुरूवार को जिले की सौ–फीसदी वैक्सीनेटेड होने वाली ग्राम पंचायतों में जबलपुर की 5, पनागर की 9, मझौली की 4, कुण्डम की दो, सिहोरा की 7 और पाटन विकासखण्ड की 22 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। इनको मिलाकर अब जिले की कुल 123 ग्राम पंचायतों की शत–प्रतिशत आबादी को टीका लग गया है। विकासखण्ड पाटन की ग्राम पंचायत बिनैकी के 937 व्यक्तियों को, ग्राम पंचायत डुंगरिया के 1362 व्यक्तियों को, ग्राम पंचायत तमोरिया के 1175 व्यक्तियों को, ग्राम पंचायत घटेरा के 1034 व्यक्तियों को, ग्राम पंचायत जरोंद के 997 व्यक्तियों को, ग्राम पंचायत करारी मनकवारा के 1198 लोगों को, ग्राम पंचायत मुर्रई के 1137 व्यक्तियों को, ग्राम पंचायत खमोंद के 1521 व्यक्तियों को, ग्राम पंचायत ग्वारी के 1426 लोगों को, ग्राम पंचायत मादा के 1428 व्यक्तियों को, ग्राम पंचायत कैथरा के 1109 लोगों को, ग्राम पंचायत सहसन प?रिया के 1030 व्यक्तियों को , ग्राम पंचायत गनियारी के 932 लोगों को, ग्राम पंचायत सरौंद के 1181 व्यक्तियों को, ग्राम पंचायत दिघौरा के 1073 व्यक्तियों को, ग्राम पंचायत पौ?ी छपरी के 1413 व्यक्तियों को , ग्राम पंचायत गुरूपिपरिया के 980 व्यक्तियों को, ग्राम पंचायत पाटन के 1956 व्यक्तियों को और विकासखण्ड शहपुरा की ग्राम पंचायत पिपरिया कनवास के 1439 व्यक्तियों को टीका लग चुका है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद पनागर जिला-जबलपुर मप्र

क्रमांक/589 /रा शा/2021-22 पनागर, दिनांक/ 27.08.2021

### इश्तहार सूचना
### भवन/प्लाट हकान्तरण सूचना वर्ष 2020-21

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर हकांतरण कार्यवाही की जाना है। इस हेतु जारी दिनांक से 07 दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों एवं प्रमाण रहित आपत्तियां मान्य नहीं की जावेगी।

### सूचित हो

| क्र | प्रकरण क्र | वार्ड का नाम | भवन/प्लाट | संपति हस्तांतरण का माध्यम | हस्तान्तरिति का नाम एवं पूर्ण पता | हस्तान्तरणकर्ता का नाम एवं पूर्ण पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 237 | सुभाष वार्ड | भवन | शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/वशियतनामा | सुश्री सुमन बाई, श्रीमति मीरा बाई बर्मन पिता नाथू लाल बर्मन सुभाष वार्ड पनागर | श्री नत्थू लाल बर्मन पिता श्री मंगल प्रसाद बर्मन सुभाष वार्ड पनागर |
| 2 | 238 | सुभाष वार्ड | भवन | शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/वशियतनामा | श्रीमति मंजुला मांझी पति स्व. श्री भारत प्रसाद, श्री विकास मांझी पिता श्री भारत प्रसाद सुभाष वार्ड | श्री भारत प्रसाद पिता श्री नत्थू लाल बर्मन सुभाष वार्ड |
| 3 | 345 | विनोभा भावे वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्री दुर्गेश विश्वकर्मा पिता श्री नन्हेलाल विश्वकर्मा बजरंग वार्ड पनागर | श्री चन्दन सिंह यादव पिता श्री प्रेम सिंह यादव अमखेर जबलपुर |
| 4 | 346 | जगमोहन वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्रीमति अदिति नरवरिया पति श्री राम रतन नरवरिया शांति नगर जबलपुर | श्री सत्यनारायण उर्फ मंगी नरवरिया पिता श्री राजाराम नरवरिया गॉधी वार्ड |
| 5 | 347 | जगमोहन वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्रीमति कणिका नरवरिया पति श्री अरूण कुमार नरवरिया जगमोहन वार्ड | श्री सत्यनारायण उर्फ मंगी नरवरिया पिता श्री राजाराम नरवरिया गॉधी वार्ड |
| 6 | 348 | जगमोहन वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | सोनेलाल सेन पिता श्री गनपत लाल सेन मुडिया पनागर | श्रीमति ममता असाटी पति श्री अशोक असाटी विद्या सागर वार्ड पनागर |
| 7 | 349 | विवेकानंद वार्ड | भवन | शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/वशियतनामा | श्रीमति गुड्डो बाई काछी पति श्री स्व. अमृत लाल काछी विवेकानन्द वार्ड पनागर | श्री स्व. अमृत लाल काछी पिता श्री तिडई लाल विवेकानन्द वार्ड पनागर |
| 8 | 350 | गुरूनानक वार्ड | भूमि | पंजीकृत विक्रय पत्र | श्री कमल किशोर पाल पिता श्री राम दयाल पाल विश्वकर्मा नगर इटारसी | श्रीमति आशा बाई सराफ पति श्री राजेन्द्र प्रसाद सराफ विद्या सागर वार्ड |
| 9 | 351 | गुरूनानक वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्रीमति रबीना बबेले पति श्री शिव शंकर बबेले सकरा पाटन | श्री राकेश कुमार विश्वकर्मा पिता श्री बुद्धूलाल विश्वकर्मा विनोवा भावे वार्ड पनागर |
| 10 | 353 | गुरूनानक वार्ड | भूमि | पंजीकृत विक्रय पत्र | श्री दुर्गेश सोनी पिता श्री रामनाथ सोनी विवेकानंद वार्ड | श्री ताराचंद केशरवानी पिता श्री गुलाबचंद केशरवानी निवाड़गंज जबलपुर |
| 11 | 354 | शिवाजी वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्रीमति रेखा अवस्थी पति श्री संजय कुमार अवस्थी बडखेरा | श्रीमति सीमा साहू पति श्री सतेन्द्र साहू, श्री सीताराम कुशवाहा पिता श्री लीला प्रसाद कुशवाहा विनोवा भावे वार्ड |
| 12 | 355 | गुरूनानक वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्री संकेत सोनी पिता श्री सुरेश सोनी, श्रीमति सरिता सोनी पति श्री विजय कुमार सोनी विद्या सागरबाई पनागर | श्री स्वप्रिल सिंह ठाकुर पिता श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर जय प्रकाश वार्ड |
| 13 | 356 | जगमोहन वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्रीमति निशरत बानो पति श्री सलीम अहमद अधारताल जबलपुर | श्री गौरी शंकर यादव, जुग्गो बाई यादव, भोजराज यादव पिता/पति श्री भगवान दास यादव जगमोहन वार्ड |
| 14 | 357 | गुरूनानक वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्रीमति वंदना ठाकुर पति श्री ओमकार प्रसाद ठाकुर पुलिया टोला छिंदवाड़ा | श्रीमति रश्मि जैन पति श्री अनिल जैन, अनिल जैन पिता श्री नेमचंद जैन जबलपुर |
| 15 | 358 | शिवाजी वार्ड | भवन | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्री शिव कुमार कुशवाहा पिता श्री सोनेलाल कुशवाहा शिवाजी वार्ड पनागर | श्री सोनेलाल कुशवाहा पिता श्री दरबारी लाल शिवाजी वार्ड पनागर |

मुख्य नगर पालिका अधिकार
नगर पालिका परिषद पनागर



# फिर संकट में साथ

**अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद हालात जिस तेजी से बदले हैं, उसने पूरी दुनिया को गहरी चिंता में डाल दिया है। केंद्र सरकार भी अपने स्तर पर भारतीयों को अफगानिस्तान से निकालने के प्रयासों में जुटी है। इस मुद्दे पर विपक्ष को विश्वास में लेने के क्रम में बृहस्पतिवार को आयोजित सर्वदलीय बैठक के निष्कर्षों ने हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती को ही उजागर किया है। तमाम मुद्दों पर सरकार पर हमलावर रहने वाले विपक्ष ने अफगानिस्तान के मुद्दे पर जिस संयत व्यवहार का परिचय दिया, उससे देशवासियों में अच्छा संदेश गया। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस समेत सभी दलों ने यह संदेश दिया कि अफगानिस्तान में तेजी से बदलते घटनाक्रम से उपजी चुनौती पूरे देश की समस्या है, जिसमें राजनीतिक सर्वसम्मति वक्त की दरकार है।**

नि नस्संदेह इससे जहां हमारी लोकतंत्र की अवधारणा को बल मिला, वहीं अब सरकार को अपनी विदेश नीति क्रियान्वित करने में सुविधा होगी, जिसका अंतर्राष्ट्रीय जगत में भी सकारात्मक संदेश जाएगा। कह सकते हैं कि विपक्ष को विश्वास में लेने की सरकार की कवायद सिरे चढ़ी है। यह जरूरी भी था क्योंकि बृहस्पतिवार को काबुल हवाई अड्डे पर हुए आत्मघाती हमले में बड़ी संख्या में अफगान नागरिकों व अमेरिकी सैनिकों की मौत जैसी तमाम घटनाएं हर भारतीय को विचलित कर रही हैं। उन तमाम परिवारों की धड़कनें थमी हुई हैं, जिनके परिजन अभी भी अफगानिस्तान में फंसे हैं। ऐसे में विपक्ष के नेता एकला चलो की नीति का अनुसरण करते तो निश्चित ही देश की जनता में कोई अच्छा संदेश नहीं जाता। ऐसे में विपक्षी दलों के सकारात्मक रुझान से एक संदेश तो स्पष्ट गया कि संकट के मौकों पर विपक्षी दल भी राष्ट्रीय सरोकारों के अनुरूप व्यवहार करते हैं। ये मोदी सरकार की रणनीति की भी कामयाबी कही जायेगी। वैसे भी अफगानिस्तान से भारतीयों के दशकों से भावनात्मक रिश्ते रहे हैं। अफगान लोग भी भारत को एक विश्वसनीय मित्र के रूप में देखते रहे हैं। भारत ने भी अरबों डॉलर का निवेश अफगानिस्तान की विकास योजनाओं में किया है।

निश्चित रूप से अफगानिस्तान का हालिया घटनाक्रम देर-सवेर दक्षिण एशिया की राजनीति व समाज को गहरे तक प्रभावित करेगा। तालिबान व पाकिस्तान की जुगलबंदी और चीन का उसमें तीसरे कोण के रूप में शामिल होना हमारी चिंता का विषय बन गया है। ऐसे में वहां की राजनीतिक अस्थिरता से हम अछूते नहीं रह सकते। हमें अपने नागरिकों की रक्षा के साथ भारी-भरकम निवेश की भी फिक्र है। विपक्षी दलों से हुई बैठक में भी ऐसे तमाम पहलुओं पर मंथन हुआ। सरकार ने बताया कि वह तब तक बचाव अभियान चलाती रहेगी जब तक कोई भारतीय नागरिक अफगानिस्तान में फंसा रहता है। वहीं तालिबान के सत्ता में आने पर संवाद के अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जाएगा। मसलन मित्र देशों के जरिये अपने हितों की रक्षा की जायेगी। अभी तो पूरा अफगानिस्तान ही अराजकता की चपेट में है। निस्संदेह देर-सवेर नई सरकार का गठन होगा। तब बदले हालात में भारत को अपनी भूमिका को तलाशना होगा। हालांकि, बृहस्पतिवार के आईएसआईएस के घातक हमले ने चिंता बढ़ा दी है कि क्या नई सरकार का गठन शांतिपूर्ण ढंग से हो पायेगा। वह भी तब जब कई विकसित देशों ने अफगानों को बाहर निकालने का काम बंद कर दिया है। हालांकि अमेरिका ने कहा है कि वह देश छोड़कर जा रहे लोगों को निकालने का अभियान जारी रखेगा और हमलावरों को खोजकर सबक सिखायेगा। लेकिन आने वाले दिन बेहद चुनौतीपूर्ण बने रहने की प्रबल संभावना है। जाहिर बात है कि भारत को धैर्य व संयम से हालात पर नजर रखनी होगी। वह भी ऐसे वक्त में जब तालिबान दोहा शांति समझौते की कसौटी पर खरा नहीं उतरा है। वह लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुपालन व अल्पसंख्यक समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करने के वादे से मुकरता नजर आ रहा है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में अफगानी देश छोड़ने पर आमादा हैं। इसके बावजूद वक्त का तकाजा है कि अफगानिस्तान में नई सरकार का स्वरूप सामने आने तक भारत सरकार को धैर्य से हालात पर नजर रखते हुए अपनी प्रतिक्रिया देनी होगी।

# कोरोना संकट से देश की अर्थव्यवस्था को गहरी चोट

**मोदी सरकार का उद्घोष रहा है कि सरकार को खुद कारोबार नहीं करना चाहिए। लगता है कि सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र की संपत्तियों के विमुद्रीकरण के जरिये सरकार उसी दिशा में बढ़ गई है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि विश्वव्यापी कोरोना संकट से देश की अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंची है। सरकार की जिम्मेदारी बढ़ी है तो आय के स्रोतों का संकुचन हुआ है। ऐसे में नेशनल मोनोटाइजेशन पाइपलाइन योजना का क्रियान्वयन देश की आर्थिकी को गति देने वाला साबित हो सकता है। दरअसल, एनएमपी योजना में आधारभूत संरचना के विमुद्रीकरण के जरिये सरकार ने आने वाले चार सालों में छह लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।**

वैसे तो वित्त मंत्री ने आम बजट में इस योजना का जिक्र किया था, लेकिन उसकी रूपरेखा का खुलासा अब जाकर किया है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने आधारभूत संरचना के प्रमुख क्षेत्रों सड़क, रेलवे, बिजली, तेल व गैस पाइपलाइन व दूरसंचार आदि क्षेत्र निजी कंपनियों के लिये खोले हैं। सरकार कह रही है कि इन संपत्तियों का विमुद्रीकरण तो किया जा रहा है, लेकिन संपत्ति पर स्वामित्व सरकार का बना रहेगा। जाहिरा तौर पर यह राष्ट्रीय संपत्ति है, इसकी सुरक्षा को लेकर सरकार को आम जनता को भरोसा देना होगा। दरअसल, कांग्रेस समेत कुछ राजनीतिक दल सरकारी संपत्ति को बेचने के आरोप लगा रहे हैं। ऐसे में सरकार को इस योजना से जुड़ी हर आशंका को दूर करना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि नरसिम्हा राव सरकार के बाद देश में निजीकरण की जो बयार चली, उसमें दूसरी सरकारों ने भी अपनी-अपनी तरह से योगदान दिया। लेकिन निजीकरण के अपेक्षित लक्ष्य हासिल नहीं किये जा सके। वहीं दूसरी ओर उत्पादकता व आर्थिकी के लिहाज से देश के अधिकांश सार्वजनिक उपक्रम वक्त की कसौटी पर खरे नहीं उतरे। ऐसे में सरकार को सरकारी संपत्ति की विमुद्रीकरण योजना में निवेशकों को आकर्षित करने के लिये कारगर कदम उठाने होंगे।

इसमें दो राय नहीं कि राष्ट्रीय विमुद्रीकरण पाइपलाइन एक महत्वाकांक्षी योजना है। इन संपत्तियों में सरकारी निवेश के बावजूद अपेक्षित लक्ष्य हासिल नहीं हुए हैं। सरकार की योजना है कि निजी क्षेत्र के प्रबंधन से इन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आयेगा और सरकार की जवाबदेही कम होगी। लेकिन सरकार को इस दिशा में पूरी पारदर्शिता स्थापित करके देश की जनता को विश्वास में लेना होगा कि निजी क्षेत्र को निरंकुश व्यवहार की इजाजत नहीं दी जाएगी। इन संपत्तियों को कंपनियों द्वारा कालांतर सार्वजनिक प्राधिकरण को स्थानांतरित करना होगा। ऐसा भी न हो कि निजी कंपनियों की मनमानी से सेवा का मूल्य इतना अधिक कर दिया जाये कि आम लोगों की दुश्वारियां असहनीय हो जायें। दरअसल, रेलवे व अन्य सेवाओं का उपयोग समाज का अंतिम व्यक्ति जीवन निर्वाह के लिये करता है। ऐसे में नियामक संस्थाओं को कंपनियों के मनमाने व्यवहार पर नजर रखनी होगी। एनएमपी दस्तावेज के अनुसार 1.6 लाख करोड़ रुपये राष्ट्रीय राजमार्गों व नयी सड़कों के विमुद्रीकरण से आने की उम्मीद है। लेकिन साथ ही निजी कंपनियों के सुचारु संचालन के लिये अनुकूल वातावरण प्रदान करना केंद्र व राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। बीते कई महीनों से चल रहे किसान आंदोलन के कारण हरियाणा-पंजाब के तमाम टोल प्लाजा बंद करने पड़े हैं, जिससे प्रतिदिन पांच करोड़ का नुकसान हो रहा है। इस तरह के व्यवधान निवेशकों का उत्साह कम करेंगे। इसी तरह मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरु के हवाई अड्डों के विमुद्रीकरण से लाभ के लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। वहीं बिजली क्षेत्र की विसंगतियों पर भी ध्यान दिया जाये। पंजाब में निजी बिजली कंपनियों को प्रबंधन सौंपे जाने के सकारात्मक परिणाम नहीं मिले हैं। यहां बिजली की दरों में कमी और बेहतर आपूर्ति के लक्ष्य पूरे नहीं हुए। सरकार को सार्वजनिक संपत्ति की विमुद्रीकरण नीति के क्रियान्वयन में कुशल व प्रभावी नीति का पालन करना होगा। तभी सरकार योजना के वास्तविक लाभ हासिल कर पायेगी। आम जनता में यह विश्वास कायम रहना चाहिए कि निर्धारित समय के बाद संपत्तियां सरकार के पास लौटेंगी और राष्ट्रीय संपत्ति का दुरुपयोग नहीं होगा।

## आपका राशिफल 30 अगस्त

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे। शुभांक-5-6-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक-5-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें। शुभांक-6-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-5-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। शुभांक-3-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

## फिल्म वर्ग पहेली- 5539



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, जया की 'ये जुल्फ कैसी है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. 'सीमायें बुलाये तुझे' गीत वाली जे.पी.दत्ता की युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी एक मल्टीस्टारर फिल्म-२,१,१
६. फिल्म 'साया' में नायिका कौन थी-२
७. 'झमका चाँदी दा' गीत वाली मनोज, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
८. अभिषेक, अंतरा माली की 'बेरंग जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'जीवनमृत्यु' में नायिका थी-२
१४. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फराजखान, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आज मदहोश हुआ जाये' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
१७. संजय कपूर, रवीना, अदिति की 'हंसता है रूलता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'सनन सनन साय साय हो' गीत वाली गोविंदा, रमैया की फिल्म-४,२
२२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तू कल चला' गीत वाली संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम ढिल्लों की फिल्म-२
२४. जैकी, सुनील शेट्टी, डिनो, करिश्मा की 'ऐ सुबह तू' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'हुस्ने जाना इधर आ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-२
२८. देवआनंद, गीता बाली की 'चांदनी रातें प्यार की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जिनके पास हाथी घोड़ा' गीत वाली राजकुमार, लीना की फिल्म-२,१,२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'लड़की जो आए बाजार में' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मनीषा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आआ' गीत वाली संजय दत्त, आफताब, नंदिता की फिल्म-२
२. ऋषिकपूर, माधुरी दीक्षित की 'जाने वो कैसा चोर था' गीत वाली फिल्म-३
३. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
४. अक्षय, करीना कपूर, प्रियंका की फिल्म-४
५. 'दिल दिया है तुझे' गीत वाली अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
९. राहुल बोस, करीना कपूर की 'जाने क्यूं हमको' गीत वाली फिल्म-३
१०. राजकपूर, परवीन की 'आपसा कोई हसीन' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'तोता मैना की कहानी' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१३. मिलिंद सोमण, किरण झवेर की 'जीना है तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'सुलगे हुए हैं' गीत वाली जिमी, इरफान, ऋषिता, नम्रता की फिल्म-३
१९. फिल्म 'अवतार' में राजेश की नायिका ?-३
२०. 'नहीं ये हो नहीं सकता' गीत वाली फिल्म-४
२१. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, मधु, सीमा की 'आई सी यू बेबी' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'रंग और नूर की बारात' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
२४. नसीर, फारूख शेख, स्मिता की फिल्म-३
२६. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२७. शाहरुख, माधुरी की 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 5538**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# गिरफ्तारी का औचित्य

**एक टीस जिसे देश के करोड़ों लोग महसूस करते रहे हैं, उसके बाबत व्यवस्था देते हुए देश की शीर्ष अदालत ने कहा है कि लोगों को बेवजह इसलिए गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए कि पुलिस को आरोपियों को गिरफ्तार करने का हक है। महज आरोप पत्र दाखिल करने की बाबत होने वाली गिरफ्तारियां लोगों को जीवनभर के लिए त्रास दे जाती हैं।**

इससे व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा को भी क्षति पहुंचती है। अदालत ने साफ किया है कि यह अनिवार्य नहीं कि हर मामले में गिरफ्तारी जरूरी है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में जालसाजी व धोखाधड़ी के एक मामले में सात साल बाद आरोप पत्र दाखिल करने के लिये कुछ व्यक्तियों की गिरफ्तारी की कोशिश में एक व्यक्ति ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील की। लेकिन राहत न मिलने पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले में सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति संजय किशन कौल व हृषिकेश रॉय की पीठ ने यह व्यवस्था दी। अदालत का तर्क था कि केवल उन्हीं गंभीर अपराधों में गिरफ्तारी होनी चाहिए, जिसमें अभियुक्त के भागने, सबूतों को नष्ट करने या साक्षियों पर दबाव बनाने की आशंका हो। कोर्ट का मानना था कि पुलिस के गिरफ्तारी के अधिकार और उसके विवेकशील ढंग से प्रयोग करने की स्थिति में अंतर होना चाहिए, जिससे व्यक्ति के मानवाधिकारों की रक्षा भी हो सके। निस्संदेह, शीर्ष अदालत के ये दिशा-निर्देश जहां लाखों लोगों की प्रतिष्ठा की रक्षा करेगें, वहीं जेलों पर पड़ने वाला अनावश्यक दबाव भी कम होगा।

दरअसल, रिपोर्ट में नाम आते ही व्यक्ति की गिरफ्तारी की जरूरत को अदालत ने खारिज किया है। साथ ही कहा है कि इस अधिकार को तब ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए जब कोई और विकल्प शेष न हो। दरअसल, यह स्थिति व्यक्ति को भयाक्रांत तो करती है, वहीं यह मनमाना अधिकार भयादोहन व भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा देता है। रिपोर्टें बताती रही हैं कि बड़ी संख्या में दहेज व अन्य मामलों में झूठे मुकदमे दर्ज होते रहे हैं। कई बार तो गिरफ्तारी से अपनी प्रतिष्ठा बचाने के चक्कर में लोग गलत कदम उठा बैठते हैं। तभी शीर्ष अदालत को कहना पड़ा कि कानूनी अधिकार होने के बावजूद हर मामले में आरोपी को गिरफ्तार करना जरूरी नहीं। जरूरत इस बात की भी है कि निचली अदालतें भी इस संबंध में संवेदनशील व्यवहार दिखाएं और गैर जरूरी मामलों में आरोप पत्र दाखिल करने हेतु गिरफ्तारी की अनिवार्यता से परहेज करें ताकि गिरफ्तारी नियम के बजाय अपवाद स्वरूप ही रहे। पुलिस को भी चाहिए कि मामले में सहयोग कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार न करे। उम्मीद की जानी चाहिए कि शीर्ष अदालत की व्यवस्था के बाद पुलिस की मनमानी पर रोक लगेगी, जिसमें निचली अदालतों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। आशा की जानी चाहिए कि शीर्ष अदालत की व्यवस्था के बाद निचली अदालतें नैसर्गिक न्याय की अवधारणा को संबल देंगी। वहीं पुलिस व अन्य जांच एजेंसियां भी अपनी कार्यशैली को लेकर आत्ममंथन करेंगी। बेहतर होगा कि इस तरह की अनावश्यक गिरफ्तारी को कानून के जरिये भी रोका जाये।

## सूडोकु नवताल- 6057

**** मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6056 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |



**विचार प्रवाह**

कोई अच्छा कार्य करो तो उसका श्रेय अपने पास नहीं रखना। उसका श्रेय अपने मां बाप को दे देना, अपने प्रभु, अपने गुरु को दे देना। श्रेय अपने पास रखोगे तो इससे अहंकार पैदा होगा। और कभी कोई काम बिगड़ जाये तो उसकी जिम्मेदारी खुद अपने ऊपर ले लेना। इससे भूल सुधार तो हो ही जाएगी एक बड़े पाप से भी बच जाओगे। लेकिन तुम इतने बेईमान हो कि कुछ भी अच्छा हुआ तो कहते होमेरी वजह से हुआ है और कभी कुछ बुरा हो तो उसके लिए कभी पत्नी को, कभी बच्चों को तो कभी किसी और को जिम्मेदार ठहराते हो। यह कैसी नाइंसाफी है?

■ मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7130



**बाएँ से दाएँ**

1.अधिकार-2
3.समुद्र,दरिया-3
6.आनंद,रस-2
8.दबाना,कुचलना-3
10.गुंडा,बदमाश-3
12.पासों से भविष्य जानना-3
14.नाप जोख करना-3
17.जलजला-3
19.असफल-3
21.मगन,रत-2
23.व्यक्ति,जीव-3
25.सम्राट,नरेश-2
26.कार्य करने वाला-3
28.उपनदी,कैनाल-3
30.मां का प्रेम-3
32.पढ़ना,अध्ययन-3
35.पक्षाघात,फालिज-3
37.सेनापति-3
39.दूल्हा,वरदान-2
40.पक्ष,एक ओर-3
41.भीगा हुआ

**ऊपर से नीचे**

1.सीमा,सरहद-2
2.कटि,मध्यांग-3
4.दुख,कष्ट-2
5.गमन,विदा होना-3
7.शराब का प्याला-2
9.एक नमकीन लवण-3
11.आलेप करना-3
13.बोलने का तरीका-3
15.अयोग्य,बेकार-3
16.तहजीब,तमीज-3
18.रत्न,बहुमूल्य नग-3
20.व्यंग,परिहास-3
22.मुलायम,नाजुक-3
24.कॉफी-3
27.पंकज,नीरज,जलज-3
29.निर्माण-3
31.बल,दम,जोर-3
33.नेत्र,आंख-3
34.नौका-2
36.घात,प्रहार-2
38.जरा,थोड़ा-2

**शब्द पहेली -7129 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# एक सितंबर से खुल रहे माध्यमिक स्कूल, जिला शिक्षा अधिकारी ने मांगी टीका लगवाने वाले शिक्षकों की सूची

**भोपाल ।** प्रदेश में छठवीं से आठवीं तक की कक्षाएं भी एक सितंबर से शुरू की जाएंगी। करीब डेढ़ साल बाद मिडिल स्कूल खुलेंगे। इसके लिए निजी स्कूलों ने विशेष तैयारी की है। वहीं, सरकारी स्कूलों में भी विद्यार्थियों की सूची तैयार की जा रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने 50 फीसद उपस्थिति के साथ प्राचार्यों को जिम्मेदारी दी है कि विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार बच्चों को बुला सकते हैं। इसके लिए अभिभावकों की सहमति अनिवार्य होगी। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) ने जिले के सभी शिक्षकों को निर्देश दिए हैं कि टीकाकरण के दोनों डोज लगवा लें। अगर किसी शिक्षक ने एक भी डोज नहीं लगवाया है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। भोपाल जिले में सरकारी व निजी स्कूलों में करीब 15 हजार शिक्षक हैं। इनमें से 95 फीसद से अधिक शिक्षकों ने टीका लगवा लिया है। डीईओ ने स्कूलों से टीकाकरण करवाने वाले शिक्षकों की सूची मांगी है। शनिवार को राजधानी के स्कूलों में मिडिल कक्षाओं की साफ-सफाई के साथ सैनिटाइज किया गया।बता दें कि अभी तक नौवीं से बारहवीं तक सरकारी स्कूलों में 15 से 20 फीसद उपस्थिति हो रही है। वहीं, निजी स्कूलों में बसों का संचालन न होने से बच्चों की संख्या कम है।



### कक्षाओं की साफ-सफाई

शासकीय सरोजनी कन्या उमावि में प्रायमरी, मिडिल और हायर सेकंडरी कक्षाओं को अलग-अलग भवन में लगाया जाता है। एक सितंबर से मिडिल की कक्षाएं शुरू करने के लिए सात कमरे तैयार किए जा रहे हैं। शनिवार को स्कूल को सैनिटाइज करने के साथ-साथ साफ-सफाई भी की गई। मिडिल में 260 छात्राएं और 9वीं से 12वीं तक में 1114 छात्राएं अध्ययनरत हैं।

### अभिभावकों से बातचीत की गई

शासकीय कन्या उमावि, जहांगीराबाद में छठवीं से बारहवीं कक्षा के लिए 14 कमरे तैयार किए गए हैं। इनमें मिडिल में 350 और हायर सेकंडरी में 650 छात्राएं अध्ययनरत हैं। शनिवार को 50 फीसद छात्राओं के अभिभावकों को स्कूल भेजने के लिए बातचीत की गई। इसके अलावा कक्षाओं की साफ-सफाई और सैनिटाइजेशन किया गया।

### ग्रुप में संदेश भेजे जा रहे हैं

शासकीय महात्मा गांधी उमावि में प्रायमरी, मिडिल, हाई व हायर सेकंडरी की सभी 28 कक्षाओं की साफ-सफाई की गई है। छठवीं से बारहवीं तक में 1137 बच्चे हैं। जिनके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। प्राचार्य हेमलता परिहार ने बताया कि अभिभावकों को ग्रुप में संदेश भेजे जा रहे हैं।

### निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों से ली जा रही सहमति

निजी स्कूलों द्वारा अभिभावकों को सहमति पत्र भेजे जा रहे हैं। अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की सहमति ली जा रही है। एसोसिएशन ऑफ अनएडेड प्राइवेट स्कूल्स के उपाध्यक्ष विन्नी राज मोदी ने बताया कि अभी 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं लग रही हैं, लेकिन बस नहीं चलने के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी हो रही है। इस कारण छह सितंबर से बस की सुविधाएं भी शुरू होने वाली हैं। प्रदेश में एसोसिएशन से संबद्ध 20 हजार स्कूलों में छठवीं से बारहवीं तक की कक्षाएं लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। हर रोज सभी कक्षाओं को सैनिटाइज किया जाएगा। साथ ही 50 फीसद उपस्थिति के साथ कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

### कोरोना गाइडलाइन का करना होगा पालन

जिन शिक्षकों को एक भी डोज नहीं लगा है। उन्हें स्कूल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। बच्चे, शिक्षक और स्टाफ सभी के लिए मास्क अनिवार्य होगा। बस और स्कूल परिसर को सैनिटाइज किया जाएगा।प्रार्थना सभा नहीं होगी। लंच टाइम में बच्चे एक जगह इकठ्ठा नहीं होंगे। छुट्टी होने पर बच्चों को छह फीट दूरी का पालन करना होगा।अभिभावकों की सहमति से बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिया जाएगा।जिन शिक्षकों ने टीकाकरण नहीं कराया है, उनके लिए 45 हजार डोज आ रहे हैं। 30 अगस्त को शिविर का आयोजन कर सभी को टीका लगाया जाएगा। अगर कोई भी शिक्षक बिना टीकाकरण के स्कूल जाएगा, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्कूलों में कोविड गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

**-नितिन सक्सेना, जिला शिक्षा अधिकारी, भोपाल**



**भोपाल।** प्रदेश सरकार कोरोना टीकाकरण के अभियान को गति देते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीका लगाने के प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इसी सिलसिले में

# जन्माष्टमी के दिन भी लगेगा कोरोना से बचाव का टीका, कर्मचारियों ने जताया विरोध

शासन की ओर से तय किया गया है कि भोपाल समेत प्रदेश भर में सोमवार को जन्माष्टमी के दिन भी टीका लगाया जाएगा। अभी लोगों में असमंजस की स्थिति थी कि छुट्टी की वजह से शायद टीकाकरण न हो। लिहाजा, स्वास्थ्य विभाग ने इस संदर्भ में स्थिति साफ कर दी है। राजधानी भोपाल के मुख्य चिकित्?सा व स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि जिस तरह अन्य दिनों में कोरोना से बचाव का टीका लगाया जा रहा था, लगभग उतने ही टीकाकरण सत्र सोमवार को भी होंगे।

हालांकि, टीका लगाने वाले कर्मचारी इससे नाराज हैं। उनका कहना है कि जन्माष्टमी के दिन ज्यादातर कर्मचारी व्रत रखते हैं। इसके अलावा, ज्?यादातर लोग भी इस पर्व दिवस को उपवास रखते हैं। ऐसे में कम से कम एक दिन की छुट्टी देना जरूरी है।शनिवार को भोपाल में 29 हजार और प्रदेश में सात लाख 80 हजार लोगों को लगा टीकाप्रदेश में शनिवार को 5594 केंद्रों में सात लाख 80 हजार लोगों को कोरोना से बचाव के टीका का पहला और दूसरा डोज लगाया गया। इसके साथ ही अब तक प्रदेश में तीन करोड़ 74 लाख 78 हजार लोगों को पहला और 78 लाख 96 हजार लोगों को दूसरा डोज लगाया गया। भोपाल में 40 हजार लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य था, लेकिन रात नौ बजे तक 29,125 लोग ही टीका लगवाने के लिए पहुंचे।



# कालोनी का विकास कार्य अपूर्ण छोड़कर रखरखाव से मुकरा हाउसिंग बोर्ड

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड ने अरेरा हिल्स में विकसित की गई ग्रीन मेडोज कालोनी का काम अधूरा छोड़ दिया है और कालोनी का रखरखाव नहीं करने की बात कर रहा है। जबकि इस प्रोजेक्ट की कुल राशि का पांच फीसद कालोनी के जीवनपर्यंत रखरखाव के लिए अलग से रहवासियों से लिया गया था। लिहाजा, इस मामले की शिकायत कालोनी के रहवासियों ने नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह से की है।दरअसल, मध्य प्रदेश प्रकोष्ठ स्वामित्व अधिनियम के अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कालोनी का निर्माण पूर्ण कर ओकुपेशन सर्टिफिकेट (व्यवसाय प्रमाण पत्र) प्राप्त करने के बाद आवंटियों की एसोसिएशन बनाकर कालोनी का रखरखाव उसे सौंपने के लिए बाध्य है। इसके बावजूद हाउसिंग बोर्ड ने 26 अगस्त को एक पत्र भवन-धारकों को जारी कर कालोनी के रखरखाव से किनारा कर लेने की सूचना दे दी। बोर्ड ने यह भी नहीं बताया है कि यदि वह स्वयं रखरखाव नहीं करेगा तो इसकी जिम्मेदारी किस संस्था को सौंपी है। बोर्ड के इस गैरजिम्मेदाराना रवैये के कारण निवासी परेशान हो रहे हैं और पूछ रहे हैं कि एक सितंबर से कालोनी में बिजली पानी जैसी अत्यावश्यक सुविधाओं की व्यवस्था कौन करेगा।

### उच्च न्यायालय तक पहुंच चुका है रखरखाव का मामला

हाउसिंग बोर्ड ने पहले भी नियमों के विपरीत गठित की गई ग्रीन मेडोज रेसीडेंट वेलफेयर सोसायटी को लाखों रुपयों की राशि भवन धारकों की आपत्ति को दरकिनार करते हुए दी थी। इसके विरुद्ध अशोक कुमार सिंह के वकील ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इस सोसायटी का पंजीयन भी उपायुक्त सहकारिता ने निरस्त कर दिया है। ग्रीन मेडोज कालोनी के निवासी अशोक कुमार सिंह और मंजुल श्रीवास्तव का कहना है कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी के जीवन पर्यंत रखरखाव की राशि ले चुका है। उसे या तो स्वयं रखरखाव करना चाहिए अथवा किसी जिम्मेदार एवं वैधानिक मान्यता प्राप्त एजेंसी को यह कार्य सौंपना चाहिए। उन्होंने सभी जिम्मेदार अधिकारियों से हाउसिंग बोर्ड के अफसरों की शिकायत की है।

# कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने के लिए भाजपा में नवाचार, मंत्रियों का मूल्यांकन करेंगे जिला पदाधिकारी

**भोपाल ।** अगले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर भाजपा ने संगठन को मजबूत करना शुरू कर दिया है। इसके लिए प्रदेश संगठन ने मंत्रियों के कामकाज पर नजरें टिका दी हैं। अब मंत्रियों को अपने प्रभार वाले जिलों में सत्ता और संगठन दोनों के लिए काम करना होगा। नवाचार यह है कि इनके कार्य मूल्यांकन की रिपोर्ट जिला संगठन के पदाधिकारी तैयार करेंगे।वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की नाराजगी का खामियाजा भाजपा को सत्ता से बाहर होकर भुगतना पड़ा था। अगले विधानसभा चुनाव में यह स्थिति न बने, इसके लिए भाजपा ने कार्यकर्ताओं से मेल-मुलाकात को तवज्जो दी है। मंत्रियों के जिलों के दौरे के दौरान बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करना अनिवार्य कर दिया गया है।इससे कार्यकर्ताओं की यह शिकायत दूर होगी कि उनकी बात नहीं सुनी जाती है। पिछली कई बैठकों में यह बात सामने आई है कि कार्यकर्ता बहुत खुश नहीं हैं। उनकी भूमिका स्वागत-सत्कार और



### मंत्रिमंडल में भूमिका का भी आधार बनेगी रिपोर्ट

जिम्मेदारियां निभाने भर की रह गई है। अब जबकि मंत्रियों के जिलों के दौरे की रिपोर्ट जिला संगठन के पदाधिकारियों की ओर से भेजी जाएगी तो मंत्री भी कार्यकर्ताओं की बात को महत्व देंगे। मंत्रियों के जिलों के दौरे की गतिविधियों की इसी रिपोर्ट के आधार पर भविष्य में मंत्रिमंडल के गठन या पुनर्गठन में उनकी भूमिका का निर्धारण होगा। यह रिपोर्ट मंत्रियों की दक्षता भी साबित करेगी। अब तक जिला योजना समितियों की बैठक और जिला मुख्यालय पर अधिकारियों से मेल-मुलाकात तक सीमित रहने वाले मंत्रियों को औपचारिकताओं से दूर रहकर धरातल पर काम करना होगा।

बूथ पर काम करने वाले कार्यकर्ता हों या नेतृत्व करने वाले, सभी की भूमिका संगठन में तय है। सभी एक-दूसरे के पूरक हैं। एक स्तर पर सभी कार्यकर्ता हैं और संगठन के लिए काम करते हैं।

**- रजनीश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री, भाजपा**

# एक माह से लंबित कामर्शियल कांम्पलेक्स के टेंडर की फाइल

**भोपाल ।** नगर निगम की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए निगम अपनी खाली जमीनों पर व्यावसायिक काम्प्लेक्स का निर्माण कर दुकानें बना रहा है। इन दुकानों की बिक्री से निगम को करोड़ो रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। इसी के तहत निगम की हाउसिंग फार आल शाखा ने कोकता में व्यावसायिक काम्प्लेक्स निर्माण के लिए 3 माह पहले निविदाएं बुलाई थी। प्रशासक कवींद्र कियावत के यहां एक महीने से अधिक से फ़ाइल टेंडर स्वीकृति के लिए पड़ी हुई है। इस कारण से इस काम का वर्क आर्डर जारी नहीं हो पा रहा है। निगम ने इन कामों को पूर्ण करने के लिए एक वर्ष का समय रखा है। तीन माह बीत जाने के बाद भी कार्यदेश की कार्यवाही नही होने से यह काम पिछड़ता नर आ रहा है । दरअसल निगम अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए अपनी रिक्त भूमि और पुरानी बिल्डिंगों को तोड़कर नए सिरे से निर्माण कर रहा है। इसी के तहत कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में भी निगम की हाउसिंग फॉर आल शाखा ने 7 करोड़ की लागत से कमर्शियल काम्प्लेक्स के निर्माण के लिए मई महीने में टेंडर बुलाये थे। इस काम्प्लेक्स में निगम कुल 38 दुकानें 13 ऑफिस और 3 डिपार्टमेंटल स्टोर का निर्माण करेगा। 7 जुलाई को टेंडर की स्वीकृति के लिए फ़ाइल प्रशासक एवं संभागायुक्त कवींद्र कियावत को भेजी गई है,लेकिन प्रशासक ने 1 महीने से ज्यादा फ़ाइल को रोके रखा और 11 अगस्त को टीप लगाकर फ़ाइल लौटा दी। निगमायुक्त के वी एस चौधरी ने टीप का निराकरण करते हुए 11 अगस्त को ही फ़ाइल स्वीकृति के लिए संभागायुक्त को भेजी परंतु अभी तक भी फ़ाइल प्रशासक के पास अटकी हुई है। ऐसे में सवाल यह है कि 1 वर्ष में पूरा होने वाला काम कैसे पूरा होगा? हालांकि इस काम्प्लेक्स के निर्माण से निगम को 5 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त होगा।

हमने कोई फाइल नहीं रोकी है। सिर्फ एसओआर परीक्षण के लिए फाइल भेजी गई है। एसओआर परीक्षण के बाद प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द मंजूरी दे दी जाएगी।

**कवींद्र कियावत, संभागायुक्त, भोपाल**

# आरटीई के तहत दाखिले का एक और मौका, कोरोना के कारण पिछले शैक्षणिक सत्र में नहीं हुए थे प्रवेश, अब एक सितंबर से शुरू होगी आवेदन प्रकिया

**भोपाल।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत कोरोना संक्रमण के चलते पिछले वर्ष 2020-21 में निजी स्कूलों में एडमिशन नहीं हुए थे। अब इस अधिनियम के तहत जो बच्चे आयु अनुरूप सत्र 2020-21 के लिए प्रवेश की पात्रता रखते थे, ऐसे बच्चों को इस योजना का लाभ मिल सके, इसको ध्यान में रखते हुए सत्र 2020-21 के लिए आरटीई के तहत निश्शुल्क प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इनके लिए आवेदन की प्रक्रिया एक से 11 सितंबर तक चलेगी। 16 सितंबर को लॉटरी के माध्यम से बच्चों को स्कूल आवंटित किए जाएंगे।सत्र 2020-21 के लिए आवेदक की आयु की गणना 16 जून 2020 की स्थिति से की जाएगी। सत्र 2020-21 के लिए आवेदन करने की स्थिति में पिछले साल के विद्यार्थियों को इस बार काल्पनिक प्रवेश मिलेगा, यानि प्रवेशित विद्यार्थी वास्तविक रूप से सत्र 2021-22 में प्रवेश की अगली कक्षा में पढ़ेगा एवं वास्तविक कक्षा की फीस प्रतिपूर्ति ही संबंधित निजी स्कूल की पात्रता होगी। इन बच्चों की पिछली कक्षा की पढ़ाई भी स्कूलों द्वारा इसी सत्र में कराई जाएगी। सत्र 2020-21 की ऑनलाइन लॉटरी केवल एक चरण में ही होगी।

# एक माह से कर रहा था सूने मकानों में सेंधमारी, पुलिस ने दबोचा



**भोपाल।** हबीबगंज इलाके में एक माह से चोरी की वारदात करने वाले एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित दिन के समय रैकी कर रात में सूने मकानों के ताले तोड़कर सामान चुराता था। इतना ही नहीं, वह दिन के समय मौका लगते ही घर के अंदर से दोपहिया वाहन भी चोरी कर लेता था। आरोपित को दबोचने के लिए हबीबगंज थाना प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मियों को लगाया गया था। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी की बाइक व सोने-चांदी के जेवरात समेत कुल डेढ़ लाख रुपये का चोरी का माल बरामद किया है।

# ननि ने लगाया टाटा प्रोजेक्ट्स पर 10 लाख रुपये का जुर्माना



**भोपाल ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शहर की बदहाल सड़कों को लेकर लगाई गई फटकार के बाद नगर निगम अब हर स्तर पर लापरवाही के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इसी के चलते शहर में जल प्रदाय के लिए बिछाई जा रही ग्रेविटी व फीडर मेन पाईप लाइन के कार्यों में देरी करने के लिए नगर निगम आयुक्त ने एजेंसी टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। निगम आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में जल प्रदाय पाइप लाइनों के बिछाने के कार्य का निरीक्षण करने के लिए शुक्रवार को जब पहुंचे तो कई जगह पाईप लाइन बिछाने का काम अब भी शेष था। इतना ही नहीं कनेक्टिविटी व रेस्टोरेशन कार्य भी मानक स्तर पर नहीं किया जा रहा था। इसके चलते यह जुर्माना लगाया गया है। वहीं जल्द से जल्द रेस्टोरेशन कार्य पूरा करने के लिए कहा गया है। बता दें कि नगर निगम आयुक्त ने शुक्रवार को पुल बोगदा, सेंट्रल लाइब्रेरी, भारत टॉकिज रोड, अल्पना तिराहा, सिंधी कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया। वहीं पुल बोगदा क्षेत्र में रेलवे लाइन की ओर के मलबे को साफ करने तथा मेट्रो लाइन की दूसरी ओर डाली गई पाईप लाईनों के स्थल पर मानक स्तर का मरम्मत कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए। उल्?लेखनीय है कि पाइप लाइन के बिछाने में सड़कों की हालत खराब हो गई है। लगातार बारिश के कारण सड़कों की स्थिति बहुत खराब हो गई है। इससे आम नागरिकों परेशानी का सामना करना पड़ा है।

# भोपाल में 148 लो फ्लोर बसें होंगी कंडम घोषित



### दो लाख रुपए प्रति बस होगी नीलाम

**भोपाल ।** भोपाल की सड़कों पर जल्द ही लो फ्लोर बसें दौड़ती दिखाई नहीं देंगी। दरअसल ये लो फ्लोर बसें पूरी तरह खराब हो चुकी हैं। इसमें से आठ बसें पहले ही कंडम घोषित हो चुकी हैं। अब बची हुई 148 बसों को आगामी दिनों में कंडम घोषित (स्क्रैप) कर दिया जाएगा। भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड कंपनी (बीसीएलएल) ने इन सभी बसों को कंडम घोषित कर दिया है। वहीं नई स्क्रैप पॉलिशी के तहत इन्हें नीलाम किया जाएगा। इन सभी बसों को 10 साल पूर्ण हो गए हैं। बीसीएलएल के अनुसार स्क्रैप घोषित होने वाली बसों की कीमतें स्टेट गैरेज ने तय कर दी है। 20 से 22 लाख रुपए की ये लो फ्लोर बसें कंडम होने के बाद औसतन दो लाख रुपए में बिकेंगी। बीसीएलएल मेटल स्क्रैप ट्रेडिंग कार्पोरेशन एप के माध्यम से इन बसों को नीलाम करेगा। यदि प्रत्येक बस औसतन दो लाख रुपए में नीलाम होती है तो यही कंडम बसें 284 लाख रुपए देकर जाएगी। हालांकि आठ बसें भी इन बसों के साथ नीलाम होंगी, जो पहले कंडम हो चुकी हैं। इस तरह बीसीएलएल को तीन करोड़ रुपए मिलेंगे। इससे करीब 5 से 10 के बीच बसें खरीदी जा सकती हैं।

### 10 कंडम वाहन किए नीलाम

इधर, जिला प्रशासन ने 10 कंडम वाहन नीलाम किए है। इन कंडम वाहनों की कीमत एक लाख रुपये आंकी गई थी लेकिन नीलामी के जरिए जिला प्रशासन ने इन कंडम वाहनों की नीलामी से करीब 10 लाख 56 हजार रुपये कमाए है। बता दें कि इसमें तीन जीप, एक बोलेरो, दो एंबेसेड कार सहित दो अन्य वाहन शामिल थे। जिन्हें नीलाम किया गया है।

# यूजी में प्रवेश लेने शनिवार से दोबारा शुरू हुए पंजीयन

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े कॉलेजों में सत्र 2021-22 के लिए यूजी व पीजी के करीब 12 लाख सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत प्रथम चरण की काउंसिलिंग में एक लाख 89 हजार 75 विद्यार्थियों ने फीस जमा कर प्रवेश लिया है। आज से यूजी के दूसरे राउंड के रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। विद्यार्थी 250 रुपये के विलंब शुल्क के साथ तीन सितंबर तक पंजीयन कर सकते हैं। विद्यार्थी खाली सीटों की जानकारी ई-प्रवेश पोर्अल से प्राप्त कर सकते हैं। इससे ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने अब तक ई-प्रवेश पोर्टल पर पंजीयन नहीं कराया है, वे आज से पंजीयन करा सकते हैं। प्रवेश के लिए पंजीयन जरूरी है। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने पहले चरण में पंजीयन कराया है, लेकिन प्रवेश नहीं लिया या फीस नहीं जमा की है, उन्हें फिर से पंजीयन नहीं कराना है। इस विद्यार्थियों को दोबारा कॉलेज व पाठ्यक्रम या विषय समूह का विकल्प दर्ज कराना होगा। पहले चरण में दो लाख 70 हजार 718 विद्यार्थियों को सीटें आवंटित की गई है। इनमें 81 हजार 645 विद्यार्थियों ने आवंटन के बाद भी प्रवेश नहीं लिया है। वहीं 38 हजार 939 ने तो ई-प्रवेश पोर्टल से आवंटन पत्र डाउनलोड ही नहीं किए हैं। वहीं पीजी में प्रवेश के दूसरे राउंड में अब तक 46 हजार पंजीयन और 27 हजार 14 विद्यार्थियों का सत्यापन हो चुका है। पहले राउंड में एक लाख पांच हजार पंजीयन हुए थे। विद्यार्थी पीजी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने रजिस्ट्रेशन, कॉलेज, च्वॉइस फिलिंग शनिवार तक कर सकते हैं। वे अपने दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन 30 अगस्त तक करा सकेंगे।

यूजी के दूसरे चरण की काउंसिलिंग

28 अगस्त से 3 सितंबर तक- पंजीयन

29 अगस्त से 5 सितंबर - दस्तावेजों का ऑनलाइन सत्यापन

10 सितंबर को -सीट आवंटन पत्र जारी होंगे।

10 से 14 सितंबर- विषय का चयन और फीस का भुगतान।

11 से 14 सितंबर- प्रवेश निरस्त कराने की प्रक्रिया चलेगी।

बीयू की विशेष परीक्षा के फार्म 13 सितंबर तक जमा होंगे

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने यूजी के अंतिम वर्ष और पीजी के अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा को एक बार और कराने का निर्णय लिया है। ये विशेष परीक्षा उन्हीं विद्यार्थियों के लिए कराई जा रही है, जो जून-जुलाई की परीक्षाओं में शामिल नहीं हो पाए थे। विद्यार्थी आज से 13 सितंबर तक ऑनलाइन परीक्षा फार्म जमा कर पाएंगे। ये परीक्षा अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में आयोजित हो सकेगी।

# थाना डूंडासिवनी ने किया लूट के गिरोह का पर्दाफाश

## 12 तोला सोना, 12 किलो चांदी सहित साढ़े 08 लाख हुए जप्त

**सिवनी यशभारत**

बीते 07 अगस्त 2021 को प्रमोद शर्मा ने थाना डूंडासिवनी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 06/08/2021 को बरघाट से वापस लौटते वक्त सेलुआ टोल के पास कुछ अज्ञात लोगों द्वारा धारदार हथियार से हमला कर प्रार्थी का पैसों से भरा बैग छीनकर भाग गये जिस पर थाना डूंडासिवनी में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अप क्र. 403/2021 धारा 394 भादवि का प्रकरण एवं दिनांक 26/08/2021 को प्रार्थी मुन्नालाल मेश्राम ने थाना डुंडासिवनी में रिपोर्ट दर्ज कराई की दिनांक 18/03/2021 को मंडला रॉड वेयर हाउस कर वाशिंग सेंटर के पास कुछ अज्ञात लोगों उनके पास रखे पैसो के बैग को छीनकर भाग गए जिस पर थाना डूंडासिवनी में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अप क्र 423/2021 धारा 394 43 , भादवि का प्रकरण एवं दिनांक 05/01/2021 को थाना बरघाट में प्रार्थी मनोज सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बहरई घाटी के जंगल पास कुछ अज्ञात लोग सोने चांदी के आभूषणों से भरे बैग को छीनकर भाग गए जिस पर थाना बरघाट में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अप क्र 05/2021 धारा 392,34 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री कुमार प्रतीक द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री एस.के. मरावी एवं एसडीओपी बरघाट श्री शशिकांत सरयाम , एसडीओपी सिवनी सुश्री पारुल शर्मा को टीम गठित कर उक्त अपराधों में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया । थाना प्रभारी डूंडासिवनी द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी के प्रयास प्रारंभ किये गए । विवेचना के दौरान सायबर सेल से प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबीर सूचना के आधार पर दिनांक 27/08/2021 को ग्राम बम्हनी निवासी अजीजुर्रहमान उर्फ पापा , चुटका निवासी योगन्द्र ठाकरे एवं खैरी निवासी आसिफ खान को घेराबंदी कर पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया ।

उक्त संदेहियों को हिरासत में लेकर गहनता से पूछताछ करने पर उनके द्वारा दिनांक 18/03/2021 को मंडला रोड वेयर हाउस कार वाशिंग सेंटर के पास लूट करना , दिनांक 06/08/2021 को थाना डूंडासिवनी क्षेत्रांतर्गत सेलुआ घाटी टोल के पास लूट करना एवं दिनांक 05/01/2021 को थाना बरघाट क्षेत्रांतर्गत बहरई घाटी में लूट की वारदात करना स्वीकार किया गया । इसके अतिरिक्त उक्त आरोपियों द्वारा थाना लालबर्रा जिला बालाघाट क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 20/08/2021 को एक व्यापारी के साथ लूट करना बताया गया साथ ही नागपुर में एक दुपहिया वाहन पल्सर गाड़ी चोरी करना बताया । आरोपियों के कब्जे से उक्त अपराधों में बड़ी मात्रा में लूट का मशरूका जप्त किया गया तथा सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय में पेश किया जाकर पुलिस रिमांड प्राप्त कर अन्य वारदातों का खुलासा किया जाता है । खुलासा हुए प्रकरण = 1. थाना डूंडासिवनी अप क्र . 423/2021 धारा 392,34 भादवि घटना दिनांक 18/03/2021 2. थाना डूंडासिवनी ङ्क अप क्र 403/2021 धारा 394 भादवि घटना दिनांक 06/08/2021 3. थाना बरघाट अप क्र 05/2021 धारा 392,34 भादवि घटना दिनांक 05/01/2021 4. थाना लालबर्रा- अप क्र 471/21 धारा 394 भादवि घटना दिनांक 20/08/2021वहीं थाना कान्हीवाड़ा में सागौन लकड़ी चोरी का प्रकरण धारा 379 भादवि दर्ज है । गिरफ्तार आरोपी में अजीजुर्रहमान उर्फ पापा पिता स्व अब्दुल रहीम निवासी बम्हनी , थाना कान्हीवाड़ा । योगेन्द्र उर्फ पप्पू पिता अमरसिंह ठाकरे निवासी चुटका थाना कान्हीवाड़ा ।



### यह सामग्री हुई जप्त

सोना 12 तौला कीमती 6 लाख रुपये । चांदी 12 किलो 200 ग्राम कीमती 8 लाख 50 हज़ार रुपये । नगद रकम 1 लाख 50 हजार रुपये । 4.01 नग चाकू , 01 नग तलवार , 01 एयरगन कीमती 7 हजार । 1 बोलेरो वाहन कीमती 4 लाख रुपये। 01 चोरी की पल्सर कीमती 80 हजार । 01 प्लेटिना गाड़ी कीमती 40 हजार । सागौन की लकड़ी की 44 नग पटिया कीमती 1 लाख 32 हजार। बिजली का तार 50 किग्रा . कीमती 10 हजार रुपये। कुल मशरूका - कुल 22 लाख 69 हजार रुपये ।

### इनका रहा सराहनीय कार्य

एसडीओपी बरघाट शशिकांत सरयाम , एसडीओपी सिवनी सुश्री पारुल शर्मा , प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक चौधरी , थाना प्रभारी डूंडासिवनी देवकरण डेहरिया , उनि नेहा राहंगडाले , कार्य . सउनि देवेन्द्र जैसवाल.प्रआर . शेखर बघेल , आर राकेश ठाकुर , आर अजय बघेल , आर . विनय चौरिया , आर एजाज खान , आर संतोष , आर मनोज मरावी , संजय , आर शिवदीप , आर राकेश त्रिवेदी , आर मुकेश , आर विवेक , सै . वकील खान , सै . परमेश्वर का योगदान रहा ।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन के प्रयासों से मिली करोड़ों की सौगात



सिवनी।सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित कई शासकीय विघालयों के नवीन भवन एवं छात्रावास भवन बनाये जाने हेतु भारतीय जनता पार्टी की श्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। ज्ञात हो कि शिक्षा के क्षेत्र मे मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के द्वारा लगातार बेहतर प्रयास किये जा रहे है इसी कडी मे विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा लंबे समय से विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अनेक विघालयों मे नवीन भवनों की उपलब्धता की कमी को पूरा करने के लिए क्षेत्रवासियों की मांगों को पूरी गंभीरता के साथ विधानसभा के बजट सत्र मे रखा जाता रहा है जिसके परिणाम स्वरूप सरकार से मिली स्वीकृति उपरांत समस्त स्वीकृत विघालयों मे नवीन भवन बनकर तैयार होगे और विघालयों मे पढने वाले छात्र-छात्राओं को बैठने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। विधायक *श्री दिनेश राय मुनमुन* जी के सार्थक प्रयासों से सिवनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बकोड़ा सिवनी में नवीन स्कूल भवन हेतु 337.94 लाख, ग्राम. उ.मा.वि. लकवाह 337.94 लाख, उ.मा.वि. तुलफ 337.94 लाख, उ.मा.वि बीजादेवरी 337.94, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास बंडोल 333.31 लाख एवं आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास चमारी 333.31 लाख, आदि कार्यो के लिए कुल 2018.38 लाख (बीस करोड, अट्ठारह लाख, अडतीस हजार) रुपयों की स्वीकृति मिली है नवीन भवनों के निर्माण होने से जहां विघालयों मे छात्र-छात्राओं के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था होगी तो वहीं भवन विहीन उक्त विघालय अब सुसज्जित हो सकेंगे और इसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा।

## निधि जायसवाल का सुयश, कलेक्टर ने किया सम्मान



बरघाट नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व पार्षद ऋषभ जायसवाल व बरघाट नगर परिषद की पूर्व पार्षद निधि जायसवाल की सूपूत्री ऋषिका जायसवाल को केंद्रीय विद्यालय सिवनी में कक्षा दसवीं मे 91.80 प्रतिशत अंक मिलने पर आज कलेक्टर कार्यालय सिवनी मे जिला कलेक्टर डा. राहुल फटिंग हरिदास जी द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य सी.बी. धोटे, केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षक वाए. के. भगत सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे। ऋषिका ने 91.80 अंक लेकर विद्यालय, नगर एवं परिवार का नाम रोशन किया है।

# जुआ खेलते 05 जुआरी गिरफ्तार, 28 हजार जप्त

**सिवनी यशभारत**




पुलिस अधीक्षक सिवनी कुमार प्रतीक व्दारा अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण व कार्यवाही हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है निर्देशों के पालन सभी थाना प्रभारियों के द्वारा कडाई से अपने अपने थाना क्षेत्र में कराया जा रहा है।

28.08.21 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बोरिया मे कुछ जुआडियान विगत कई दिनों से मक्का के खेत मे जुआ खेल रहे है। उक्त सूचना से श्रीमान एसडीओपी महोदय सिवनी सुश्री पारुल शर्मा को अवगत कराते हुये महोदय के मार्गदर्शन मे कार्यवाही की गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बंडोल पंचमलाल देशमुख के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये, जुआ रेड कार्यवाही किये, जो ग्राम बोरिया मे 05 जुआडियान 52 ताश के पत्तो पर रुपयो पैसो का हार जीत का दाव लगा रहे थे, जिन्हे रंगे हाथ पकड़ा गया। जिनके पास एवं फड़ से कुल 28,800/- रुपये जप्त किये गये एवं 05 मो.सा. को भी जप्त किया गया। सभी आरोपियो के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही प्रथक से की गई।

गिरफ्तार आरोपी में भीमसिंह पिता भरतसिंह चंदेल उम्र 40 साल निवासी बोरिया, केशवसिंह पिता देवेन्द्रसिंह चंदेल उम्र 26 साल निवासी बोरिया, शेख युसुफ पिता शेख अजीज मुसलमान उम्र 52 साल निवासी बिहिरिया, सुखलाल पिता इमरत चौधरी उम्र 32 साल निवासी झिलमिली, पवन कुमार पिता रामनाथ उड़के उम्र 30 साल निवासी बण्डोल शामिल है जिनके कब्जे से 28,800/- रुपये एवं 05 मोटर सायकिल जप्त की गई। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी उ.नि. पंचमलाल देशमुख, कार्य उनि. संतोष सोनी, प्र.आर. जसवंतसिंह, कार्य. प्र. आर. विनोद बघेल, आर. सतीष पाल, आर. जितेन्द्र रंगारे, आर प्रदीप चौधरी, आर. बृजेन्द्र लोखण्डे, आर. सुधीर डेहरिया की सराहनीय भूमिका रही

# फैज़ कबीर को मिला बेस्ट खिलाड़ी का अवार्ड

**जैनुल-हमज़ा और फैज़ कबीर व जैद ने जीता बैडमिंटन का फायनल मुकाबला, इरफान खान की पहल से बैडमिंटन की बारीकियां सीख रहे खिलाड़ी**





**सिवनी यशभारत**

एक तरफ इन दिनों बच्चो को मोबाईल की लत लगी हुई है जिसे छुड़ाने के लिए परिवार कई तरह का प्रयास कर रहे हैं लेकिन उनका प्रयास सफल नहीं हो रहा तो वहीं दूसरी तरफ बच्चों को खेल के मैदान की तरफ आकर्षित करने के लिए रब्बानी स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा बैडमिंटन के गुर सिखाये जा रहे हैं ताकि बच्चे मैदान से जुड़ सके। सिवनी की रब्बानी स्पोर्टस क्लब के द्वारा 22 अगस्त से 27 अगस्त तक बैडमिंटन पखवाड़े का आयोजन किया गया था। रब्बानी स्पोर्टिंग क्लब सिवनी के डायरेक्टर इरफान खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जूनियर एवं सीनियर वर्ग में 4 टूर्नामेंट आयोजित किए गए थे। टूर्नामेंट के प्रारंभ में जूनियर डबल्स में जैनुल खान एंड पार्टनर हमजा खान ने जीत दर्ज की थी। इसी प्रकार दूसरी प्रतियोगिता भी डबल्स जूनियर बैडमिंटन आयोजित किया गया उसमें रब्बानी स्पोर्टिंग क्लब के जूनियर खिलाड़ी फैज कबीर एंड पार्टनर जैद खान ने फाइनल में जीत कर सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता के तीसरे चरण में जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता में जैनुल खान ने फाइनल का खिताब जीता। और सीनियर वर्ग में बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच बॉबी खान एंड पार्टनर तल्हा खान ने 3 सीटों में दो सेट जीतकर फाइनल की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस अवसर पर फैज़ कबीर को बेस्ट खिलाड़ी का अवार्ड भी दिया गया। बच्चों को पुरूस्कृत करते हुए डायरेक्टर इरफान खान ने सभी खिलाड़ियों दर्शकों को इस कार्यक्रम को सफल बनाने की बधाई दी साथ ही उनके द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि बच्चों को सबसे पहले सर्वोच्च प्राथमिकता पर पढ़ाई के क्षेत्र में शिक्षा में पूरी लगन और अनुशासन के साथ सफलता प्राप्त करना है साथ ही खेल में भी अपनी प्रतिभा को निखारना है ताकि भविष्य उज्ज्वल बन सके।

# सांसद पर लगाए गए आरोप प्रमाण को झुठलाने वालेः संजू

**सिवनी यशभारत**

**सांसद डॉक्टर ढाल सिंह बिसेन की राजनीति सदैव विकास परक रही है। रेलवे संघर्ष समिति के स्वयंभू राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सांसद बिसेन पर जो आरोप लगाए गए हैं वह न केवल निराधार हैं बल्कि प्रमाण को भी झूठा साबित करने वाले हैं। अर्थलिप्सा का जहां तक सवाल है तो यह सर्वविदित है कि डॉ बिसेन के इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन पर आज तक भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है।**

उक्त आशय की बात भाजपा जिला मंत्री एवं सिवनी विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि श्री संजीव मिश्रा ने रेलवे संघर्ष समिति के स्वंभू राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप बेस पर पलटवार करते कही। श्री मिश्रा ने कहा कि वर्ष 2019 में जब डॉक्टर बिसेन को जनता ने सांसद बनाया तो जनता के विश्वास को कायम रखते हुए उन्होंने अमान परिवर्तन के कार्य को प्राथमिकता दी। रेलवे के अधिकारियों के साथ निरंतर बैठक कर विस्तार से जानकारी ली। सिवनी स्टेशन की बिल्डिंग को मॉडल स्वरूप दिलवाया साथ ही एक अतिरिक्त माडल भवन भी स्वीकृत कराया।

श्री मिश्रा ने कहा कि,सिवनी में व्यापार बढ़े इसके लिए रैक प्वाइंट स्वीकृत करवाया। सांसद बनने के बाद सिवनी एवं बालाघाट में चल रहे आमान परिवर्तन कार्य के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध हो इसका प्रयास किया। नैनपुर से समनापुर एवं कटंगी से तिरोड़ी रेल लाइन पूरी होना सांसद के प्रयासों का ही परिणाम है ।भोमा से सिवनी और चौरई से सिवनी के बीच ब्रॉडगेज का कार्य जल्दी पूरा हो इसके लिए सांसद डॉ बिसेन अधिकारियों से सतत संपर्क में है एवं कार्य में जो भी दिक्कत आई उसे दूर करने के लिए उन्होंने निरंतर प्रयास किया है। चाहे वह अर्थवर्क के लिए मुरम की जरूरत हो या ब्लास्टिंग की या फिर अतिक्रमण हटाने की यह सभी कार्य उनके प्रयासों से ही हुए हैं।

श्री मिश्रा ने कहा कि, कोरोनाकाल और ठेकेदार दोनों की वजह से कुछ विलंब जरूर हुआ है बावजूद इसके यह कार्य कैसे तेजी से पूर्ण हो इसके लिए वे निरंतर जुटे हुए हैं। श्री मिश्रा ने कहा कि रेलवे ठेकेदार को सांसद का संरक्षण होने की बात सफेद झूठ है। आरोप लगाने वाले अज्ञानी यह नहीं जानते कि यदि ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करा दिया जाता है तो पुनः टेंडर प्रक्रिया करनी होगी। जिसमें कम से कम एक वर्ष का समय लग सकता है। जबकि सांसद बिसेन की सोच यह है कि ठेकेदार को बदलने की बजाय उस पर दबाव बनाकर कार्य जल्दी से जल्दी पूरा कराया जाए ताकि अगली कार्य योजना सिवनी कटंगी रेल लाइन के लिए प्रयास किए जा सकें।

श्री मिश्रा ने कहा कि, स्वंय को ब्रॉड गेज रेलवे संघर्ष समिति का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित करने वाले श्री बैस यह बताएं कि भारत के किस किस प्रांत में उनके प्रदेश अध्यक्ष हैं? और उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना किसने है? वास्तविकता यह है कि, ये कांग्रेस के नेता हैं जो बालाघाट और सिवनी जिले में श्रेय लेने की राजनीति करते हैं इसके लिए ये रेलवे संघर्ष समिति के स्वयंभू राष्ट्रीय अध्यक्ष बन बैठे हैं। जहां भी इन्हें लगता है , सिवनी अथवा बालाघाट जिले में रेलवे का यह कार्य पूरा होने वाला है उसके पूर्व ही ये लोगों को गुमराह करके यह जताने का प्रयास करते हैं कि यह कार्य इनकी वजह से हुआ है। जबकि रेलवे विस्तार के लिए जब भी संघर्ष का समय आया यह सदैव गायब रहे हैं। श्री मिश्रा ने आरोप लगाया कि सिवनी जिले में भी श्री बैस द्वारा सांसद बिसेन का केवल विरोध करने के नाम पर एक समूह को एकत्रित किया गया है जो एक तरफ तो सांसद बिसेन पर ओछे आरोप लगा रहा है, वहीं यह भी स्वीकार कर रहा है कि सांसद द्वारा ब्रॉडगेज के कार्य का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। यही नहीं ये लोग यह भी स्वीकार कर रहे हैं कि सांसद के प्रयासों से रेलवे ट्रैक के आसपास के सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं। जहां नदी थी वहां ट्रैक बन गया। जहां पहाड़ थे वहां काम पूरा हो गया। जहां जंगल से वहां फॉरेस्ट लैंड का क्लियरेंस मिल गया। इस विरोध प्रदर्शन के दोहरे चरित्र का अपने आप खुलासा हो जाता है।

## रेत से भरा ट्रेक्टर जप्त, मीडिया को कवरेज से



**सिवनी यशभारत।** भारतीय वन अधिनियम 1927 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत पुलिस थाना के अंतर्गत घुरवाड़ा ग्राम में वन विकास रेगुलर परी क्षेत्र के अंतर्गत लक्ष्मी कांत ठाकुर निवासी घुरवारा ट्रैक्टर से रेत निकासी का कार्य किया जा रहा था वन आरक्षक बबीता पंद्रे के द्वारा ट्रैक्टर को पकड़कर मामला वन विकास निगम के अंतर्गत आना होना पाया गया। इसके आधार पर श्रीमती पंद्रे ने वन विकास निगम के डिप्टी रेंजर एस के बनवाले के ऊपर कारवाई सौंपी उक्त घटना को देखते हुए ग्रामीणों में आक्रोश और ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध कार्यवाही ना करने के लिए दबाव बनाने का प्रयास किया गया और प्रशासन को यह बोला गया कि आप राजस्व विभाग के पटवारी को बुलवाकर नाप करवा ले यदि वन विकास निगम के अंतर्गत आता है तो यहां से ट्रैक्टर ले जाएं जनाक्रोश को देख वन विभाग ने पुलिस थाना को सूचना देकर पुलिस बल विकास निगम क्षेत्र रेगुलर की संयुक्त कार्रवाई के आधार पर घटनास्थल को वन विकास निगम में लाकर खड़ा किया। उक्त घटनाक्रम का कवरेज लेने गए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कार्यकर्ताओं को भी घटनाक्रम का कवरेज करने से रोका गया पुलिस प्रशासन के साथ बदसलूकी वन विभाग के कर्मचारियों के साथ बदसलूकी ग्राम घुरवारा की महिलाओं के द्वारा किया गया थाना प्रभारी अजय जयसवाल के द्वारा ग्रामीणों को कानून अपने हाथ में ना लेने की सलाह भी दी गई और प्रशासनिक तौर पर ट्रैक्टर की कार्यवाही करने की बात कहें।

उक्त घटना खैरी बीट क्रमांक 715 के अंतर्गत पिकअप बीयर बांध के निचले हिस्से में दर्द और माला से रेत निकासी का कार्य किया जा रहा था मुखबिर के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार प्रशासनिक अमला घटनास्थल पर पहुंचे प्रशासनिक कार्यवाही की गई।

## भीमगढ़ पुल निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र होगी प्रारंभ



विगत वर्ष हुई अतिवृष्टि से भीमगढ़ मे बैनगंगा नदी में बने पुल को बहे हुए लगभग 1 साल पूरा होने को आया है।मेरे द्वारा भीमगढ़ मे बहे बैनगंगा नदी पुल के निर्माण हेतु मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी एवं अधिकारी गणों से पुन :पुल निर्माण हेतु पत्रचार एवं ब्यक्तिगत मुलाकात की गई।जिसके फल स्वरुप भीमगढ़ पुल का पुन: निर्माण एवं खापा से लेकर गंगई रैय्यत तक कि 12 किलोमीटर सड़क प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को बनाने हेतु दे दी गई है। जिसमें सड़क निर्माण का प्रारंभिक डी0पी0आर का काम पूर्ण हो चुका है जो कि सड़क निर्माण निविदा के उपरांत दिसम्बर माह से कार्य प्रारंभ हो जायेगा।साथ ही भीमगढ़ पुल निर्माण हेतु प्रारंभिक डी0पी0आर0 के लिए निविदा लगाई गई है।प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारीयो के बताएं अनुसार पुल निर्माण निविदा का कार्य जनवरी/फरवरी 2022 में हो जाने के उपरांत भीमगढ़ पुल निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएंगी।

## नगर में हलषष्ठी पर उपवास रख आस्था के साथ मनाया गया पर्व,

छपारा-नगर में 28 अगस्त को हलषष्ठी त्यौहार पर नगर में उपवास रखकर विधि विधान से महिलाओं के द्वारा पूजन पाठ किया गया वहीं दूसरे दिन सुबह उपवास को तोड़कर महिलाओं के द्वारा व्रत संपन्न किया जाएगा। ज्ञात हो कि हल षष्टि पर महिलाएं निर्जला व्रत रखकर उपवास रहती हैं और पुत्र की लंबी उम्र आयु की कामना करती हैं फिर घर के आंगन में गोबर से लिपकर हरछट तैयार किया जाता है और पूजा विधि विधान की जाती है।

## छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण संपन्न

**गाडरवारा।** बीते दिवस साईखे?ा के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक बिद्यालय में डॉ नीरज गुप्ता शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साई खेड़ा द्वारा कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य धर्मेन्द्र वर्मा सहित पुरुषोत्तम प्रसाद तिवारीए अरविंद सिंह राजपूतए मनोहर सिंह पटेल ए लाल सिंह लोधीए तुलसा वर्मा ए मीना अग्रवालए पुष्पा सिलावट एमोनिका रायए चंद्रशेखर बसेड़िया ए अनुपम चौकसेए सरदार सिंह राजपूत एअरविंद सिंह राजपूतए श्रीमती मनीषा चौकसेए गुरुदयाल मेहराए मनोहर सिंह पटेल ए आरएन तिवारी एवं विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे की तैयारी हेतु बैठक सम्पन्न



गाडरवारा। भारत शासन द्वारा प्रारंभिक शिक्षा में बच्चों के उपलब्धि स्तर का जायजा लेने हेतु कक्षा 3ए 5ए 8 एवं 10 के बच्चों का 12 नवम्बर को एक साथ राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे एनसीईआरटी की गाइडलाइन एवं टूल्स के अनुसार सेम्पिल शालाओं में आयोजित होना है। उक्त सर्वे की पूर्व तैयारी हेतु गत दिवस शासकीय कन्या नवीन विद्या भवन गाडरवारा में साईखे?ा विकासखण्ड के जनशिक्षको की बैठक आयोजित की गई । बैठक में जनशिक्षको को राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे की तैयारी से जु?ी सामग्री वितरित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अरुण इंग्ले ने कहा की 2017 के राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे में हमारा जिला शीर्ष पर था। हम बच्चों को प्रश्नबैंक के माध्यम से रोचक तरीको से अभ्यास कराएं। जिला परियोजना समन्वयक एस के कोष्टी ने जनशिक्षको से कहा की वह सेम्पिल शालाओं के शिक्षको तक सर्वे से जु?ी सामग्री जल्द पहुंचाए जिससे की शिक्षको को बच्चों की तैयारी का पर्याप्त अवसर मिल सके। बैठक मे प्राचार्य अनूप शर्माए बीआरसी चंदन शर्मा ने भी राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे की तैयारी के सबन्ध में निर्देश दिए। बैठक का संचालन बीएसी संदीप स्थापक ने किया। बैठक में उपस्थित जनो ने माला पहनाकर जिला शिक्षा अधिकारी अरुण इंग्ले को होशंगावाद जिले का जिला शिक्षा अधिकारी बनने की शुभकामनाएं दी।बैठक में बीएसी योगेंद झारियाए जनशिक्षक नेपाल झारियाए प्रशांत रायए सुरेन्द्र राजपूतए देवी सिंह कीरए बनवारी लाल नागवंशीए मो अपसार खानए रामकृष्ण राजपूतए प्रदीप मालवीयए प्रमोद पठारिया के अलावा मधुसूदन पटैल एवं प्रभात रूसिया भी उपस्थित रहे।



## डीईओ के स्थानान्तरण पर दी विदाई

**गाडरवारा।** बीते गुरुवार को शासकीय कन्या नवीन विद्या भवन गाडरवारा में जिला शिक्षा अधिकारी अरुण इंग्ले को स्थानान्तरण से होशंगावाद जिला शिक्षा अधिकारी बनने पर विद्यालय परिवार ने शॉलए श्रीफ्ल एवं उपहार भेंटकर श्री इंग्ले को विदाई दी।।इस अवसर पर डीपीसी एस के कोष्टी ए बीईओ श्रीमती सुनीता पटैल ए बीआरसी चन्दन शर्मा ए प्राचार्य अनूप शर्माएश्रीमती आरती पाठकए लिपिक अमित पटैल एवं माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल सहित कन्या नवीन विद्या भवन के शिक्षको राजेश जी गुप्ताए संजय सोनीए सतीश नाईकए इंद्रजीत जी ताराम ए लेखा कौरवएपीटीआई विक्रम शर्माए बबीता राजपूत सहित अन्य मौजूद रहे।



# इस जन्माष्टमी कान्हा को लगाएं माखन-मिश्री और आटे की पंजीरी का भोग

### जन्माष्टमी पर घर पर ही बनाएं पंजीरी

देश में हर साल भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार विशेष उत्सव के साथ मनाया जाता है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान कृष्ण की विशेष पूजा- अर्चना करने से सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। संतान प्राप्ति, आयु और समृद्धि जैसी सारी सुख की प्राप्ति होती है। इस दिन लोग उपवास रखने के साथ भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप की विशेष पूजा करते हैं। भगवान कृष्ण को दही-दूध और मक्खन विशेष पसंद है, ऐसे में दही का चर्णामृत बनाकर लोगों को प्रसाद के रूप में दिया जाता है। दूध-दही के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व में पंजीरी का भी विशेष महत्व होता है। प्रसाद के रूप में पंजीरी बांटी जाती है। पंजीरी का मतलब पांच प्रकार के चीजों से बना हुआ विशेष प्रसाद। इस बार जन्माष्टमी के दिन आप भी घर पर पंजीरी बनाकर भगवान को इसका भोग लगाएं और इसका प्रसाद बांटें, विशेष कृपा प्राप्त होगी। आइए पंजीरी बनाने की विधि जानते हैं।





### कैसे करें जन्माष्टमी की विशेष पूजा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के त्योहार पर भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। जन्माष्टमी की विशेष पूजा करने के लिए घर में मौजूद भगवान की प्रतिमा को पीले रंग के वस्त्र पहना कर, धूप-दीप से वंदन करें। भगवान को पुष्प अर्पित करें, चंदन लगाएं। भगवान कृष्ण को दूध-दही, मक्खन विशेष पसंद हैं, ऐसे में इसका प्रसाद बनाएं और भगवान को अर्पित करें और सभी को वही प्रसाद दें। प्रसाद में पंजीरी का विशेष महत्व होता है। सामान्यतौर पर पंजीरी दो प्रकार की होती है, एक धनिया की पंजीरी और दूसरी- नारियल की पंजीरी। धनिया की पंजीरी बनान के लिए घी के साथ साबुत धनिया को अच्छी तरह से भून लें। अब इसी तरह से आटा को भी घी के साथ भून लें। दोनों को भूनने के बाद आटा में धनिया को मिला दें। इसमें सूखे मेवे, मिश्री, माखन और पिसी हुई चीनी मिलाएं। इस तरह धनिया पंजीरी तैयार हो जाएगी। इसी तरह से पंजीरी में नारियल डालकर आप नारियल की पंजीरी भी बना सकते हैं।

### भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की करें पूजा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी चूंकि भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व है, इसलिए इसमें श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की आरधना करने के विशेष लाभ हैं। घर में भगवान कृष्ण के लड्डू गोपाल स्वरूप को स्थापित करें, उन्हें पीले वस्त्र पहनाकर चंदन लगाएं। भगवान के बाल स्वरूप की आराधना करने से विशेष कृपा प्राप्त होती है। कृष्ण जन्माष्टमी के दिन पूरे श्रद्धा भाव के साथ भगवान से घर-परिवार के सुख-शांति की प्रार्थना करें।

# जन्माष्टमी - कान्हा की पूजा में शामिल करें तुलसीमाला

हिंदू धर्म में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का विशेष महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण को विष्णु जी का अवतार माना जाता है। देशभर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन भक्त भगवान की झांकियां निकालने के साथ ही उनका आशीर्वाद पाने के लिए विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के साथ ही व्रत भी रखते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, जन्माष्टमी का त्योहार हर साल भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से यह त्योहार अगस्त-सितंबर महीने में पड़ता है। इस साल जन्माष्टमी का पर्व 30 अगस्त (सोमवार) को मनाया जाएगा।



### जन्माष्टमी का शुभ समय-

निशीथ पूजा मुहूर्त- रात 23:59:27 बजे से रात 24:44:18 बजे तक

अवधि- 44 मिनट

जन्माष्टमी पारण मुहूर्त- 31 अगस्त को सुबह 05:57:47 बजे के बाद।

### पूजा में शामिल करें ये चीजें-

बालगोपाल के लिए झूला, बालगोपाल की लोहे या तांबे की मूर्ति, बांसुरी, बालगोपाल के वस्त्र, श्रृंगार के लिए गहने, कुमकुम, अक्षत, मक्खन, गंगाजल, धूप बत्ती, कपूर, केसर, सिंदूर, सुपारी, बालगोपाल के झूले को सजाने के लिए फूल, तुलसी के पत्ते, चंदन, पान के पत्ते, पुष्पमाला, कमलगट्टे, तुलसीमाला, धनिया खड़ा, लाल कपड़ा, केले के पत्ते, शहद, शकर, शुद्ध घी, दही, दूध और मिश्री आदि।

### पूजा- विधि

सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत्त हो जाएं। घर के मंदिर में साफ- सफाई करें। घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें। सभी देवी-देवताओं का जलाभिषेक करें। इस दिन भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप यानी लड्डू गोपाल की पूजा की जाती है। लड्डू गोपाल का जलाभिषेक करें। इस दिन लड्डू गोपाल को झूले में बैठाएं। लड्डू गोपाल को झूला झूलाएं। अपनी इच्छानुसार लड्डू गोपाल को भोग लगाएं। इस बात का ध्यान रखें कि भगवान को सिर्फ सात्विक चीजों का भोग लगाया जाता है। लड्डू गोपाल की सेवा पुत्र की तरह करें।ठ्ठ इस दिन रात्रि पूजा का महत्व होता है, क्योंकि भगवान श्री कृष्ण का जन्म रात में हुआ था। रात्रि में भगवान श्री कृष्ण की विशेष पूजा- अर्चना करें।ठ्ठलड्डू गोपाल को मिश्री, मेवा का भोग भी लगाएं।1 लड्डू गोपाल की आरती करें। इस दिन अधिक से अधिक लड्डू गोपाल का ध्यान रखें। इस दिन लड्डू गोपाल की अधिक से अधिक सेवा करें।



# डिजाइनर की ड्रेस पहनेंगे कान्हा

### द्वारका के इस्कॉन मंदिर का लाइव प्रसारण



कृष्ण जन्माष्टमी के पावन मौके पर द्वारका इस्कॉन मंदिर में उल्लास के साथ भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया जाएगा।

गौरतलब है कि कोरोना काल अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में भक्तों के साथ जन्माष्टमी उत्सव को मनाने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। अभिषेक और आरती के लिए अपना रजिस्ट्रेशन भी करा सकते हैं। दिन भर 24 घंटे यहां का प्रांगण कीर्तन से गुंजायमान रहेगा, जिसका लाइव प्रसारण इस्कॉन द्वारका यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। आध्यात्मिक संगीत को वैश्विक मंच पर ले जाने वाली 58वें ग्रेमी अवॉर्ड के लिए नामांकित गौर मणि देवी माता जी का कीर्तन श्रोताओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। कीर्तन में एक ऐसी प्रार्थना एवं शक्ति है जो हमें सीधे भगवान से जोड़ने के लिए पुल का काम करती है।

रंग-बिरंगे सुगंधित फूलों, लताओं, मणि-मालाओं से सजे मंदिर में भगवान का दिव्य अमृतमय 108 दिव्य द्रव्यों से अभिषेक कर उनकी %महाआरती% की जाएगी। इस बार उन्हें विशेष भोग भी लगाया जाएगा। इस दिन कान्हा जी की पोशाक का आकर्षण भी भक्तों को लुभाएगा, क्योंकि यह खासतौर से दिल्ली के जाने-माने फैशन डिजाइनर से तैयार कराई गई है। जी हां, मनमोहक गिरधर गोपाल इस बार डिजाइनर रूप में नजर आएंगे।

यहां देख सकेंगे लाइव प्रसारण

अंतरार्ष्ट्रीय स्तर पर इस्कॉन के संस्थापक श्री श्रीमद् ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद के 125वें जन्मदिवस के अवसर पर 56 भोग की तर्ज पर इस बार एक लाख 25 हजार भोग लगाए जाएंगे जिन्हें पंचतारा होटल के उच्चस्तरीय शेफ भक्तों की देखरेख में तैयार किया जाएगा। भारी संख्या में भक्तों तक भगवान का आशीवार्द पहुँचाने के लिए एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की भी सहायता ली गई है, जो सोशल मीडिया के माध्यम से यहाँ की हर एक गतिविधि के साथ कृष्णानुरागियों को जोड़ने में सफल रहेगी।

# द्वापर युग जैसा संयोग



### छह तत्वों का एक साथ मिलना बहुत ही दुर्लभ योग

इस वर्ष जन्माष्टमी पर विशेष संयोग बन रहा है जो जो बेहद दुलभ योग है श्रीमद् भागवत पुराण के अनुसार भगवान श्री कृष्ण का जन्म भाद्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि रोहिणी नक्षत्र वृषभ राशि का चंद्रमा में मध्य रात्रि को हुआ था। स्वर्ण पदक प्राप्त ज्योतिषाचार्य डॉ पंडित गणेश शर्मा के अनुसार यह संयोग इस वर्ष जन्माष्टमी पर बन रहा है। इस जन्माष्टमी पर छह तत्वों का एक साथ मिलना बहुत ही दुर्लभ योग बना रहा है। यह संयोग भगवान श्री कृष्ण के जन्म के समय द्वापर युग में बना था। यह छह तत्व है भाद्र कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि रोहिणी नक्षत्र वृषभ राशि में चंद्रमा इसके साथ सोमवार का होना। सभी तत्व 30 अगस्त सोमवार को जन्माष्टमी पर रहेंगे सूर्योदय से अष्टमी तिथि है जो कि सोमवार रात को 1:57 बजे तक अष्टमी तिथि रहेगी। इसलिए इस वर्ष जन्माष्टमी को बहुत उत्तम मान रहे हैं। शर्मा के अनुसार 29 अगस्त रविवार को 11:27 से अष्टमी तिथि शुरू होगी जो 30 अगस्त सोमवार रात को 1:57 तक रहेगी। सोमवार को अष्टमी तिथि उदया तिथि के साथ मध्य रात्रि को 12:00 बजे तक भी रहेगी। इसके चलते स्?मार्त और वैष्णव दोनों मतों को मानने वाले एक ही दिन जन्माष्टमी मनाएंगे।

### सर्वार्थ सिद्धि योग भी होने के कारण भी महत्वपूर्ण




इसके पहले वर्ष 2014 में भी ऐसा संयोग आया था। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी होने के कारण इस योग की महत्ता बढ़ गई है। जो लोग जन्माष्टमी व्रत नहीं करते उनके लिए इस वर्ष व्रत करना बहुत सुखकारी रहेगा। निर्णय निर्णय सिंधु ग्रंथ के अनुसार ऐसा संयोग जन्माष्टमी पर आया है तो इस अवसर को हाथ से जाने नहीं देना चाहिए। इस संयोग में जन्माष्टमी व्रत करने से तीन जन्मों के जाने अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिलती है। साथ ही प्रेत योनि में जो पितर भटक रहे हैं, पूर्वजों को व्रत करने से शांति मिलती है।

### पूजा के बाद खोलें उपवास

इस दिन भगवान श्री कृष्ण के जन्म के साथ ही दही मटकी गोविंदा द्वारा फोड़ी जाती है। जन्माष्टमी का उपवास रखने वाले लोग भगवान को सुंदर नवीन वस्त्र आदि से श्रृंगार करते हैं। इस व्रत में भोजन नहीं किया जाता है। रात को 12 बजे पूजा करने के बाद उपवास खोला जाता है।

# आधी रात में जन्म कारण बड़ा ही महत्वपूर्ण था





जन्माष्टमी का पावन पर्व अब कुछ ही घंटो बाद दस्तक देने जा रहा है। यह पर्व हर साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस साल यह त्योहार 30 अगस्त 2021 दिन सोमवार को दस्तक देने जा रहा है। हर साल की तरह इस बार भी पूरी दुनिया को प्रेम का महत्व समझाने और धर्म की स्थापना करने के लिए लगभग 5 हजार साल पहले धरती पर जन्म लेने वाले प्रभु श्री कृष्ण जी का जन्मोत्स बड़ी ही धूम-धाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण की लीला से तो हर कोई परिचित है। भगवान ने जन्म लेने के लिए जिस नक्षत्र, समय और दिन को चुना था वह कई मायनों से खास है, साथ ही इसका संबंध उनके पूर्वजों से भी जुड़ा हुआ है। भगवान द्वारा उनके जन्म लेने कि जो स्थिति तय की गई थी भगवान श्रीकृष्ण जी के अगर पूर्वजों की बात करें तो पुराण के अनुसार उनके पूर्वज चंद्रवंशी थे, जो कि बुध के बेटे हैं। इसी वजह से भगवान श्री कृष्ण ने अपने जन्म के लिए बुधवार का दिन चुना और चंद्रमा को अपनी पत्नी रोहिणी अति प्रिय थी इसलिए उन्होंने नक्षत्र रोहिणी को चुना था। इसके अलावा चंद्र देव की इच्छा थी कि भगवान विष्णु उनके कुल में जन्म लें बस यही इच्छा को पूरी करने के लिए भगवान ने उनके कुल में जन्म लिया और कई बुरी शक्तियों का नाश करके महाभारत के जरिए धर्म की स्थापना की। ये तो सभी जानते हैं कि भगवान श्री कृष्ण जी ने आधी रात में जन्म लिया था। इसके पीछे की वजह अगर जानें तो कृष्ण जी के मामा कंश ने अपनी अकाल मृत्यु को टालने के लिए अपनी बहन के सभी बच्चों को मौत के घाट उतार दिया था। इस तरह से भगवान ने आधी रात को जन्म लेकर अपने माता-पिता को ये समय दिया था कि वह उन्हें किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दे। पुराणों के अनुसार उस दौरान कारागार के द्वारा अपने आप खुल जाते हैं और कृष्ण जी के पिता उन्हें एक टोकरी में रखकर सुरक्षित जगह पहुंचा देते हैं। उस समय देवताओं ने उनके जन्म पर स्वर्ग से फूल बरसाए थे और साथ ही धरती से लेकर इंद्रलोक तक हर्ष का वातावरण छा गया था।

### कई टुकड़ों में बंट गया युवक का शव , परिवार में पसरा मातम

# साले ने जीजा से कहा- थोड़ी देर में आता हूँ, एक दिन बाद पटरी में मिली लाश



**जबलपुर, यशभारत। शाही नाला के पास सिंगल लाइन ट्रेन की पटरियों में दरमियानी रात युवक की ट्रेन से कट जाने पर कई टुकडों में बिखरा हुआ शव जीआरपी को मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी।**

युवक की खिनाख्त के बाद परिजनों ने बताया कि मृतक अपने जीजा के यहां मां के साथ आया था और कहकर गया कि वह थो?ी देर में आता हैए लेकिन आया नहीं। जिसके बाद जीजाके परिवारजनों और उसकी मां ने यहां वहां खोजने की कोशिश की। फिर सोचा कि शायद किसी दोस्त के यहां चला गया होगा और आज सुबह पुलिस ने सूचना दी तो पांतों में शव देख परिजनों की चीखें निकल गयीं। पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेजते हुए मामले को जांच में लिया है। जानकारी अनुसार युवक संजय मरकाम उम्र 25 वर्ष पिता किशन लाल जमतरा का निवासी था और बरगी हिल्स में अपने जीजा के यहां मां के साथ दो.तीन दिन पहले ही आया था। पुलिस सूत्रों की मानें तो किसी तनाव के चलते युवक अपनी मां के सहित जीजा से मशवरा करने आया था।

#### वो ऐसा नहीं कर सकता

अपने जवान ल?के को खो चुकी मां युवक के शव से लिपटकर एक ही बात कह रही थी कि वह कुछ भी करेगा लेकिन आत्महत्या नहीं कर सकता। परिवार में ऐसी कोई बात नहीं थी। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

## युवक पर 3 बदमाशों ने चाकू से वार कर किया लहूलुहान



थाना लार्डगंज के संजय नगर में एक युवक पर तीन बदमाशों ने पुराने लेनेदेन पर चाकु से वार कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने बताया कि उसने कुछ समय पहले आरोपियों के खिलाफथाने में रिपोर्ट भी की थीए जिसे वह वापस लेने का दबाव बना रहे है। इतना ही नहीं पीड़ित ने तो यहां तक बताया कि विजय नगर क्षेत्रांतर्गत सुनील उर्फ सूटर जुआ और सट्टा खिलवाता हैए सभी को पता है लेकिन उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करता। जिसकी उसने शिकायत की थी। इसी बात का बदला लेने के लिए उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर इस पूरी वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार पूरन डेरी के पास मारपीट होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को जिम्मी पंजाबी उम्र 40 वर्ष निवासी पंजाब बैंक कालोनी कोतवाली ने बताया कि कल शाम लगभग 7 बजे वह संजय नगर पूरन डेरी के पास घूम रहा था तभी नद्दू नदीम ए पवन दाहिया ए सुनील उर्फ सूटर आये उसने पुरानी लेन देन की बात की एवं कहा कि हमारा पैसा दे दो। जब उसने कहा कि किस बात का पैसा तो बदमाशा सभी पुराने विवाद पर गाली गलौज करते हुये तीनों मारपीट करने लगे। इसी दौरान नद्दू नदीम ने चाकू निकाल लिया पवन और सूटर ने उसे पकड़ लिया और नद्दू नदीम ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया तथा तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये । किसी ने मौके पर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसे इलाज हेतु विक्टोरिया अस्पताल लेकर आयी। तीनों के खिलाफमामला दर्ज करए पुलिस आरोपियों को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

**मामले की जांच में जुटी लार्डगंज पुलिस, आरोपी फरार**

## जिस महिला के घर में सायकिल नहीं उसके नाम से उठा ली एक्टिवा

जबलपुरए यशभारत। ग्वारीघाट रहवासी एक महिला के घर में यूं तो चलाने को सायकिल नहीं और उसके नाम से किसी से एक्टिवा गा?ी फायनेंस करा ली। मामले का खुलासा तब हुआ जब महिला को एजेंसी की तरफसे किस्त जमा करने के लिए फोन आया। जिसके बाद महिला हतप्रभ रह गयी। इतना ही नहीं महिला ने एजेंसी संचालक से मिन्नतें करते हुए कहा कि उसने कोई वाहन नहीं उठाया है। तो

#### किस्त के लिए लोन वालों का फोन पहुंचा तो जालसाजी का पता चला

वह किस्त कैसे दे सकती है। लेकिन जब एजेंसी ने बताया कि उसके दस्तावेज लगे है तो वह हैरत में प? गयी। जिसके बाद उसने थाना लार्डगंज में इसकी शिकायत की है। पुलिस ने मामला जांच में मिला है। लार्डगंज पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ग्वारीघाट निवासी भानुमति ने थाने में शिकायती आवेदन दिया कि लार्डगंज स्थित वाहन एजेंसी से किसी ने उसके दस्तावेज लगाकर एक्टिवा गा?ी उठा ली। किस्त तो भरनी ही प?ेगीमहिला ने बताया कि एजेंसी संचालक उसे गा?ी की किस्त भरने का दबाव बना रही है। जबकि उसने गा?ी ली ही नहीं है। महिला ने शिकायत में बताया कि किसी ने उसके नाम से गा?ी उठा ली है। पुलिस पूरी जांच करे तो जल्द मामले का खुलासा हो जाएगा।

#### दस्तावेज आए कहां से

पुलिस ने महिला कि शिकायत के बाद मामला जांच में लिया है। लेकिन इस पूरे प्रकरण में एक बात सामने आ रही है कि आखिर बगैर महिला की परमीशन के किस ने उसके प्रमाणित दस्तावेजों के आधार पर गा?ी फायनेंस करा ली। पुलिस अब एजेंसी और संबंधित बैंक मैनेजर से पूछताछ कर रही है। जिसके बाद भी मामले का खुलासा हो सकेगा।

### अपर निदेशक कार्यालय अधीक्षक ने दी जानकारी

# अस्पतालों की मान्यता बरकरार चलता रहेगा इलाज

### सीजीएचएस लाभार्थियों को मेट्रो सहित तीनों अस्पताल में मिलेगा लाभ



**जबलपुरए यशभारत। सीजीएचएस लाभार्थियों के भर्ती एवं इलाज के मामले में जो बात सामने आई है उसमें स्पष्ट है कि वर्तमान में सीजीएचएस लाभार्थियों का इलाज मेट्रो सहित तीनों अस्पतालों में जारी रहेगा।**



अपर निदेशक सीजीएचएस कार्यालय अधीक्षक शिवलाल कुंतल

जानकारी के अनुसार पूर्व में सिटी अस्पताल पर जो प्रतिबंध लगा है उसके अनुसार लाभार्थियों को इलाज नहीं मिलेगा। उल्लेखनीय है कि कल यह जानकारी तेजी से फैली थी कि चार अस्पतालों को सीजीएचएस प्रकरण के मरीज इलाज के लिए भर्ती नहीं किए जायेंगे। इस संबंध में यशभारत ने अपर निदेशक सीजीएचएस कार्यालय के अधीक्षक शिवलाल कुंतल से चर्चा की। चर्चा में श्री कुंतल ने बताया कि अभी पूर्व के आधार पर सिटी अस्पताल को छोड़कर तीनों अस्पतालों में सीजीएचएस के लाभार्थी अपना इलाज करा सकते है। ऐसा कोई भी आदेश अभी तक अपर निदेशक कार्यालय जबलपुर में नहीं पहुंचा है।

## दिव्यांगों को नहीं लगेगा शुल्क, सिर्फ परीक्षा फार्म की लगेगी फीस

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ;आरडीयूद्ध अब दिव्यांग नेत्रहीन विद्यार्थियों से किसी भी तरह का शुल्क नहीं लेगा सिर्फ दिव्यांग विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म शुल्क देना होगा। साथ ही कोरोना में जो विद्यार्थी अनाथ हुए आरडीयू अब उन्हें फ्री में कोर्स कराएगा। दोनों निर्णय कार्यपरिषद की बैठक में हुए।रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय कुलपति प्रोण् कपिल देव मिश्रा ने बताया कि विवि कार्यपरिषद की बैठक में तय किया गया है कि दिव्यांग नेत्रहीन छात्रों से विवि कोई शुल्क नहीं लेगा इससे पहले अध्यापन कार्य से लेकर अन्य गतिविधियों का शुल्क इनसे लिया जाता था। कार्यपरिषद की बैठक में एक अहम निर्णय ये भी हुआ है कि ऐसे विद्यार्थी जिनके परिजनों की मौत कोरोना काल में हुई है और उनका कोई नहीं है ऐसे विद्यार्थियों को आरडीयू फ्री में उच्च शिक्षा देगा।

## किसी दूसरे से मां ने कर लिया विवाह गम में बेटा झूल गया फांसी पर

**यशभारत।** थाना घमापुर के हाथीटोल व्हीएफजे में एक 20 साल का युवक नीम के पे? में तार का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब पूछताछ की तो पता चला कि युवक की मां ने उसे छोड़ दिया है और किसी अन्य के साथ विवाह रचा लिया है। जिसके बाद युवक अपनी बुआ के घर में ही रह रहा था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि मां के चले जाने के बाद उसका पिता भी उसका सहयोग नहीं करता था। जिसके कारण वह तनाव में था। पुलिस ने मर्ग कायम करए मामला जांच में लिया है। घमापुर थाना प्रभारी दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि सचिन बाल्मीक उम्र 35 वर्ष निवासी हाथीटोल व्हीएफजे ने सूचना दी की उसके चाचा का ल?का विशाल वाल्मीक उम्र 20 वर्ष रात के 10 बजे खाना खाकर घर में सो गया था। आज जब वह सोकर उठा तो घर के पीछे का दरवाजा बाहर से बंद था और विशाल अपने बिस्तर पर नहीं थाए बाजू वाले दरवाजे से बाहर निकलकर देखा तो घर के पीछे बा?ी के पास नीम के पेड़ में तार से गले में फांसी लगाकर मृत अवस्था में लटका है। पंचनामा काय्रवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**घमापुर के हाथीटोल व्हीएफजे में घटना से सनसनी**






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )